# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024





## अनेदखी: बगैर तराई व निरीक्षण के पेटी ठेकेदार तैयार कर रहा लाखों की पानी टंकी

# नल जल योजना की पानी टंकी निर्माण में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

लोगों की दर्जनों शिकवा शिकायत तथा जिला प्रशासन के नवपदस्थ कलेक्टर की सख्त हिदायतों के बाद भी प्रदेश के उप मुख्यमंत्री की विधानसभा में पीएचई विभाग के अधिकारी और उसके ठेकेदार अपनी मनमानी तथा शासन द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार तथा अनियमितता करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसका एक नमूना जिले के विधानसभा कवर्धा अंतर्गत विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत मिनमिनिया जंगल में देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार यहां शासन द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की घर पहुंच सेवा मुहैया कराने की मंशा से नल जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण के लिए लाखों रूपए की राशि स्वीकृति प्रदान की है और इसका जिम्मा इन दिनो अपनी कारगुजारियों से सुर्खियां बटोरने वाले पीएचई विभाग को सौंपा है। पीएचई विभाग ने इस निर्माण कार्य का जिम्मा किसी ठेकेदार को दिया है और मजेदार बात ये है कि पीएचई विभाग के इस ठेकेदार ने निर्माण का ठेका किसी दूसरे ठेकेदार को दे रखा है। लेकिन ठेके पर ठेका के जरिए कराए जा रहे इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता व नियम कायदों का कोई माई बाप नहीं नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक पानी टंकी का निर्माण कार्य विगत एक माह से चल रहा है और अब निर्माण कार्य बेस लेबल से लेकर टंकी के कालम के टॉप लेबल तक पहुंच चूका है। लेकिन ग्रामीणों की माने तो इस एक माह के निर्माण कार्य के दौरान एक भी दिन ठेकेदार द्वारा पानी तराई नहीं कराई गई है। जिससे निर्माण कार्य के कमजोर होने की पूरी आशंका जताई जा रही है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पानी टंकी का निर्माण कार्य टॉप लेबल तक पहुंच चुका परंतु इस दौरान कोई भी विभागीय अधिकारी ये देखने नहीं आया है कि विभाग ने जिस ठेकेदार को ठेका दिया है वो कार्य कर भी रहा है कि नहीं, अथवा निर्माण कार्य का स्तर क्या है और वह कहां तक पहुंचा है, उसकी गुणवत्ता कैसी है। हद तो ये है कि कार्य स्थल पर सूचना पटल तक नहीं लगाया गया है और आधे से ज्यादा कार्य को मूर्त रूप दिया जा चुका है। ऐसा लगता है कि इन तमाम बातों से विभाग के अधिकारियों को कोई सरोकार ही नहीं है। स्थिति ये है कि शासन ने विभाग को राशि स्वीकृत कर दी है और विभाग के अधिकारी अपने चहेता ठेकेदार की मौखिक रिपोर्ट पर घर बैठे मुल्यांकन फाईल तैयार कर उसे राशि स्वीकृत कर बस अपनी चढ़ौत्री सकेल रहे हैं।



### औहदेदारों की नाक के नीचे योजनाओं में भ्रष्टाचार

यहां बताना लाजिमी होगा की शासन की जिस जनकल्याणकारी योजना के तहत जहां इस स्तरहीन पानी टंकी का निर्माण पीएचई विभाग द्वारा कराया जा रहा है वह बोड़ला ब्लाक मुख्यालय से महज 6 किलो मीटर दूर और जिला मुख्यालय कवर्धा से महज करीब 28 किलो मीटर दूर। लेकिन इस निर्माण कार्य की सुध लेने की जहमत न तो विभाग के अधिकारी उठा रहे हैं और न ही क्षेत्र के औहदेदार जनप्रतिनिधि इस और कोई ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में लोगों द्वारा बड़ा सवाल खड़ा किया जा रहा है कि आखिर क्षेत्र के औहदेदार जनप्रतिनिधि जिस तरह छट्टी, दशगात्र, शादी विवाह जैसे समारोह के लिए समय निकालते हैं वैसे ही वे स्वयं की सरकार द्वारा स्वीकृत निर्माण व विकास कार्यो की गुणवत्ता को जांचने के लिए समय क्यों नहीं निकालते। कहीं ऐसा तो नहीं कि विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र के औहदेदार जनप्रतिनिधियों को भी अपने बस में कर लिया है। यहीं हाल जिले के आला प्रशासनिक अधिकारियों का भी है। ये भी वहां जांच करने कभी नहीं जाते जहां से निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर शिकवा शिकायतें सामने आती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए पीएचई विभाग के बोड़ला एसडीओ से संपर्क किया गया लेकिन वे उपलब्ध नहीं हो पाए वहीं विभाग के इंजिनियर टोमन कुंजाम के द्वारा ठेकेदार को गुणवत्तायुक्त कार्य करने तथा नियमित तराई करने के लिए निर्देश दिए जाने की बात कही है।



# सरदार वल्लभ भाई पटेल काम्पलेक्स में 29 दुकानों की हुई नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर में निर्मित भू-तल-प्रथमतल की 37 दुकानों की नीलामी प्रक्रिया बीते शुक्रवार को सुबह 11 बजे प्रारंभ हुई जो देर शाम तक पूरी हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर में निर्मित दुकानों की नीलामी सुबह 11 बजे से नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, नपा उपाध्यक्ष जमील खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, सभापतिगण रिंकेश वैष्णव, उमंग पाण्डेय, चुनुवा खान, प्रमोद शर्मा, पवन जायसवाल, सुनील साहू, प्रमोद लुनिया, पार्षद प्रतिनिधि संतोष नामदेव, कपिल जायसवाल, हिरेश चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित पदाधिकारियों की उपस्थित में शुरू की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर की दुकानें वर्षो से निर्मित है तथा खण्डहर में तब्दील हो रही थी। पूर्ववर्ती सरकार ने नीलामी को लेकर कोई रूचि नही दिखाई। जिसके कारण नगर पालिका को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ रहा था। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार दुकानो की आम नीलामी सूचना जारी की गई है जिसके आधार पर निर्धारित तिथि व समयावधि में अमानत राशि जमा कराया जाकर गत 04 अक्टूबर को नीलामी कार्यवाही पूर्ण की गई है।

### नपा कवर्धा को मिलेगा करीब ढाई करोड का राजस्व

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि दुकानों की नीलामी कार्यवाही पूर्ण किया जा चुका है जल्द ही अब दरों का अनुमोदन कर स्वीकृति प्रदान की जायेगी। उन्होनें बताया कि आरक्षण अनुसार भू-तल में 12 दुकान व प्रथम तल में 25 दुकानों की नीलामी कार्यवाही किए जाने के लिए सूचना जारी की गई थी जिसमें से कुल 29 दुकानों की नीलामी कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। जिससे नगर पालिका परिषद कवर्धा को लगभग 2 करोड़ 53 लाख रूपए के राजस्व की प्राप्ती होगी। अब जल्दी ही उच्चतम दर की स्वीकृति प्रदान करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

## खबर संक्षेप



### बैरख स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**बोड़ला।** वनांचल के संकुल पालक के प्राथमिक विद्यालय नेवराटोला में आज नवरात्रि के पावन अवसर पर प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल बैरख द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में खीर, पुड़ी, भजिया, लड्डू, केला, पापड़ और भोजन कराया गया। विद्यार्थी न्योता भोज से आनंदित नगर आए। न्योता भोज में सरपंच ग्राम पंचायत बैरख श्याम मसराम, प्राचार्य सोहन कुमार यादव, संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा, प्रधान पाठक परस राम खुशाम, शिक्षिका सरिता मेरावी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों के द्वारा मां दुर्गा की अर्चना कर सभी के मंगल कल्याण की कामनाएं की गई।

### लायंस क्लब ने मनाया सेवा सप्ताह कार्यक्रम

**कवर्धा।** गांधी सेवा सप्ताह के चौथे दिन 5 अक्टूबर को लायंस क्लब ने ग्राम मंझगांव स्थित वृद्धाश्रम में 20 वृद्धजनों को मिठाई खिलाकर सेव केला बिस्किट का वितरण किया। साथ ही वृद्धाश्रम के अहाते में वृक्षारोपण के लिए केयरटेकर को 25 फलदार पौधे दिए। ज्ञात हो कि लायंस इंटरनेशनल के निर्देश पर भारत के सभी क्लब्स 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक गांधी सेवा सप्ताह मनाते हैं। इस हफ्ते हर दिन सेवा के कार्य किए जाते हैं। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सरपंच दम्पत्ति से मारपीट करने वाले चार गिरफ्तार

## ग्राम पंचायत खैरडोंगरी की सरपंच से की गई थी मारपीट

- पीड़िता की शिकायत पर पंडरिया पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान



शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए पंडरिया पुलिस ने विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम पंचायत खैरडोंगरी की महिला सरपंच के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत गत 21 सितम्बर को ग्राम पंचायत खैरडोगरी में बिजली तार को लगाने के लिए विद्युत विभाग के कुछ कर्मचारी पहुंचें थे। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बिजली कर्मचारियों से तार लगाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया और उन्हें अपना कार्य करने से रोक दिया गया।

जिस पर कर्मचारियों के द्वारा फोन कर स्थानीय महिला सरपंच को बुलाया गया। बिजली कर्मचारियों की सूचना पर महिला सरपंच श्रीमती गीतांजलि सिंह ने आकर जब विवाद करने वाले ग्रामो को समझाइश देनी चाही तो वहां पहले से मौजूद आरोपी केशव सिंह ठाकुर पिता रघुराज सिंह ठाकुर एवं उनके 3 भतीजे दीपेंद्र ठाकुर उर्फ राजा पिता शंकर सिंह ठाकुर, लक्ष्य पिता जनार्दन सिंह ठाकुर तथा देव पिता जनार्दन सिंह उत्तेजित होकर गाली गलौच करते हुए महिला सरपंच से ही मार पीट करने लगे। वही बीच बचाव में आए सरपंच पति रोहित सिंह के साथ भी आरोपियो के द्वारा बुरी तरीके से मारपीट की गई जिसमें सरपंच पति को गंभीर चोटें आई है। पीड़ित पक्ष के द्वारा उसी दिन थाना पंडरिया में एफआईआर दर्ज कराया गया था। सरपंच पति से मिली जानकारी के अनुसार घटना के 11 वे दिन चारों आरोपियों को थाना पंडरिया द्वारा गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### स्कूल परिसर में बच्चों ने लगाए पौधे, लिया सुरक्षा का संकल्प



**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक पिपरिया संकुल पिपरिया में पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपण किया। शिक्षक बिहारी दास वैष्णव ने बताया कि शाला प्रांगण में पांच पौधे लगाए गए तथा पौधे की सुरक्षा के लिए बांस की जाली द्वारा सुरक्षा घेरा बनाया गया। बरगद पेड़ में एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ माता भवानी शक्ति के नाम, एक पेड़ शाला के सभी बच्चों के नाम, एक पेड़ शिक्षक-शिक्षिकाओं के नाम, एक पेड़ शाला प्रबंधन समिति के नाम से पौध रोपण किया गया। शाला प्रांगण में लगे वृक्षों को स्थानीय विद्यार्थियों साधना साहू, ललिता साहू, सोनम ललित साहू, मनीष, भावेश सुरज टण्डन, प्रदीप कुमार, सुदर्शन, नीरू साहू, खिलावन द्वारा सुबह-शाम पानी डालने, देखरेख करने व सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर वृक्ष व पेड़-पौधे लगाओ, शुद्ध हवा पाओ, अपना जीवन बचाओ नारा के साथ प्रधान पाठिका श्रीमती संयोगिता सोनी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष समय लाल तंबोली, शिक्षिका श्रीमती रामकली गुप्ता, श्रीमती अर्चना शर्मा, शिक्षक बिहारी दास वैष्णव, शिक्षिका श्रीमती मनोरमा तथा बच्चों के साथ मिलकर हर्षोल्लास वृक्षारोपण कार्य किया गया।

# राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



अपनी आधा दर्जन मांगों को लेकर गत 3 अक्टूबर से शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के बैनर तले अनिश्चितिकालीन हड़ताल पर बैठे शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालकों ने मांगे पूरी होने के बाद 5 अक्टूबर को अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है।

संघ की इस हड़ताल समाप्त होने से राशनकार्डधारी उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय है कि एन तीज त्यौहार के इस सीजन में शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ ने अपनी 6 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी। जिससे जिलेभर की शासकीय उचित मूल्य की दुकानो में ताले लटक गए थे और राशन कार्डधारियों को राशन मिलना बंद हो गया था जिससे इन जरूरतमंद उपभोकताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस बात को ध्यान में रखते हुए शासन-प्रशासन ने पहल करते हुए संघ की सभी मांगे मान ली है जिसके बाद संघ ने 5 अक्टूबर को अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस ले ली है। शासन-प्रशासन द्वारा संघ की मांगों को पूरा किए जाने पर संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई देकर तथा मुंह मीठा करा कर खुशी का ईजहार किया।

# 21 सौ दीपों से जगमगाएगा मां पताल भैरवी प्रांगण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा में नवरात्रि की धूम देखने को मिल रही है। मंदिरों में भक्तो का तांता लग रहा है। जगह-जगह ऊंचे पंडाल के साथ-साथ माता रानी की मनमोहक मूर्तियां विभिन्न समितियों द्वारा स्थापित की गई है।

नवरात्र पर्व के अवसर पर राजमहल कॉलोनी स्थित डडसेना भवन आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के सामने नवरात्र के पंचमी पर 7 अक्टूबर को 21 सौ दीप जलाकर मातारानी की महाआरती की जायेगी। इन दीप के माध्यम से पेड़ संरक्षण, भविष्य संरक्षण थीम पर पंडाल प्रांगण में विशाल छवि उकेर कर दीप जलाकर जागरूक किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजित मां पताल भैरवी रूपी कवर्धा नगर की बड़ी मां काली के पंचमी महाआरती कार्यक्रम में हरितिमा टीम व कवर्धा जंक्शन परिवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समिति के सदस्यों ने नगर वासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने आव्हान किया है। कार्यक्रम का समय शाम 6.30 बजे से प्रारंभ होगा। 7 बजे महाआरती प्रारंभ होगी। महाआरती पश्चात मां पताल भैरवी प्रांगण में स्थानीय लोगों के प्रत्येक सदस्य के नाम पर दीपदान कर दीप प्रज्वलित करने समिति ने अपील की है। गौरतलब है कि इस वर्ष नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा जिले की सबसे ऊंची साढ़े 14 फीट ऊंची मां पताल भैरवी की मूर्ति स्थापित की गई। जिसे देखने लोग बड़ी संख्या में पाण्डाल तक पहुंच रहे हैं।



## दीपावली के लिए लक्ष्मी प्रतिमाएं व दीए बनाने का कार्य जोरों पर

# भगवान गणेश व दुर्गा प्रतिमा निर्माण के बाद मूर्तिकार व कुम्हार फिर व्यस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नवरात्र पर्व के लिए मिट्टी को देवी प्रतिमाओं का रूप देने के बाद मूर्तिकार व कुम्हार एक बार फिर व्यस्त हो गए है। अब वे 29 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा के मद्देनजर दीपावली में उपयोगी मां लक्ष्मी, भगवान गणेश की प्रतिमाओं के साथ दीपावली को रोशन करने वाले मिट्टी के दिए बना रहे है।

पर्व की नजदीकियों को देखते हुए इस कार्य में उनका पूरा परिवार जुटा हुआ है। गौरतलब है कि मिट्टी की बदौलत अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले अंचल के मूर्तिकार व कुम्हार इन दिनों खासे व्यस्त है। तीज, त्यौहारों के इस दौर में पहले गणेश प्रतिमाएं फिर भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमाएं और हाल ही में मिट्टी को देवी प्रतिमाओं का रूप देने वाले इन मूर्तिकारों व कुम्हारों के हांथों से मिट्टी छूट भी नहीं पाई थी कि अब वे दीपावली की तैयारियों में भिड़ गए है। इन दिनों जहां मूर्तिकार दीपावली में पूजी जाने वाली मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं को मूर्त रूप देने में लगे हुए वहीं कुम्हार मिट्टी के दिए बनाने में दिन रात एक कर रहे है। कुम्हारों ने बताया कि दीपावली पर्व पर मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित करने की परम्परा है। इसके अलावा घरों में भी दीपावली के रोज मां लक्ष्मी, भगवान गणेश तथा मां सरस्वती की संयुक्त प्रतिमाएं की पूजा की जाती है। जिसके चलते मिट्टी की इन प्रतिमाओं की बाजार में अच्छी मांग होती है। इस मांग को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा आर्डर पर जहां बड़े आकार की वहीं घरों व दुकानों में पूजा के लिए छोटे आकार की प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं। वहीं कुम्हारों ने बताया कि दीपावली में मिट्टी के दिए मांग सार्वधिक होती है। जिसे ध्यान में रखते हुए दिआ निर्माण कार्य पर्व के काफी पूर्व प्रारंभ कर दिया जाता है।

क्योंकि मिट्टी मंगाना, इसे भीगाना, मताना, सानना तथा चाक पर चढ़ाकर दीया बनाना काफी थका देने वाली प्रक्रिया है। इस कार्य के लिए परिवार के सभी लोगों को भिडऩा पड़ता है। पखवाड़े भर पहले से दीपक बनाने का कार्य शुरू करना पड़ता है। इनके सूख जाने पर इसे भट्ठा लगाकर पकाना पड़ता है। तब कहीं जाकर दीपक तैयार होता है। उन्होंने बताया कि इतनी मसक्कत के बाद भी उन्हें बाजार से मेहनत का वाजिब दाम नहीं मिल पाता है। बीते वर्ष 70-80 रूपए सैकड़ा के हिसाब से दीया बेंचा गया था इस बार कुछ दाम बढ़ेंगे।

# महराजपुर में पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू के निर्देशन एवं प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल तथा मीरा देवांगन के मार्गदर्शन में बोड़ला ब्लाक अंतर्गत स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला महराजपुर में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष नेतराम पटेल, रामू जायसवाल की उपस्थिति में संयुक्त रुप से पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पालकों के अतिरिक्त शाला प्रबंध समिति के सदस्यों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था। पालक शिक्षक बैठक में लगभग 70 विद्यार्थियों के पालक उपस्थित रहे। संस्था के प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल ने बैठक में उपस्थित पालकों के समक्ष त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम एवं मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का समीक्षा किया एवं कमजोर बच्चों के पालकों को उनके पढ़ाई में विशेष ध्यान देने हेतु प्रेरित किया। बैठक में शिक्षा के अधिकार अधिनियम की जानकारी विद्यालय में अनुशासन, बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति, अनियमित विद्यालय आने वाले बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने, साफ सफाई एवं स्वच्छता नशीले पदार्थो का सेवन ना करना, शाला सुरक्षा, पालक संपर्क अभियान, छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण पत्र, विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी बच्चों को दिए जाने वाले गृह कार्य आदि के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक मीरा देवांगन ने भी पालकों को हमेशा जागरूक रहने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिया, विद्यार्थियों को साफ सुथरे यूनिफॉर्म में नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के पढ़ाई पर पालकों को नजर रखने के लिए जागरूक किया गया। इस बैठक में पालको के अतिरिक्त संस्था के शिक्षक नम्रता श्रीवास्तव, नीलिमा सिरदार, मंजू शर्मा, रमा साहू, शालू चंद्रवंशी एवं अनिल चंद्रवंशी उपस्थित थे।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 6 अक्टूबर, 2024



## राइस मिल में डंप मिला पटाखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राईस मिल में अवैध रूप से पटाखा रखकर बिक्री हेतु रखा गया था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और पटाखा जप्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

आगामी दीपावली पर्व को लेकर डोंगरगढ़ पुलिस अभी से अलर्ट होकर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत 4 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कुम्हड़ाटोला रोड एक राईस मिल में एक व्यक्ति अवैध धन लाभ अर्जित करने राईस मिल के अंदर भारी मात्रा में पटाखा रखकर पटाखा बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है।



### डेढ़ लाख का पटाखा जब्त

सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल ग्राम कुम्हड़ाटोला राईस मिल पहुंचे, जहां शिव अग्रवाल 42 साल निवासी वार्ड नं. 12 डोंगरगढ़ निवासी मिले। मिल की तलाशी लेने पर खाकी रंग के कुल 51 पेटी में विभिन्न प्रकार के पटाखा कीमती 150000 रुपए भरा मिला।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पटाखा के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर शिव अग्रवाल द्वारा भारी मात्रा में पटाखा रखने एवं बिक्री करने के संबंध में कोई लाईसेंस व दस्तावेज पेश नहीं करने पर उक्त पटाखा को जब्त कर आरोपी शिव अग्रवाल के विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम 184 की धारा 9(ख) के तहत कार्रवाई किया गया है। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक राजेश कुमार, प्रधान आरक्षक अखिल अम्बादे, आरक्षक चमन साहू, श्रीनिवास राव का विशेष योगदान रहा है।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी कर खाते से निकाली राशि

**राजनांदगांव।** प्रार्थिया के बैंक खाते से ऑनलाइन एवं एटीएम से अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर नगदी रकम निकाल लिए। जिसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गोटाटोला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मचांदुर निवासी प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 23 सितंबर से 2 अक्टूबर तक उसके खाता से ऑनलाइन तथा एटीएम से अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर 2,89,996 रुपए निकाल लिए। जिसकी जानकारी प्रार्थिया के मोबाईल में मैसेज आने पर पता चला। वहीं प्रार्थिया का मोबाइल हैक हो गया व मैसेज फ्राड मोबाइल नंबर में फारवर्ड हो रहा है। शिकायत आवेदन पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है, जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती है। इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं। इनकी आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात है। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है। संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं। बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है। इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती है। सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें। इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं, अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें, दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें।

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्।।









## खबर संक्षेप



### योग का नियमित प्रशिक्षण

**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम मारगांव में योग शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में योग प्रशिक्षक डेमन साहू द्वारा प्रतिदिन योग अभ्यास, उससे होने वाले लाभ आदि के बारे में बताया जा रहा है। शिविर में अलका, देविका, करुणा, ईशान, रागनी, ललिता, जास्मिन, पार्वती, सुनैना, रितु, हेमलता, कौशिल्या, लक्की, सोनिया, दुर्गेशवरी आदि नियमित रूप से योग का प्रशिक्षण हासिल कर रही हैं।

### शहनाज 16 को देंगी रंगारंग प्रस्तुति

**डोंगरगांव।** निशांत उत्सव समिति द्वारा 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर कालेज मैदान में जगराता का आयोजन किया गया जिसमे प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर प्रस्तुति देंगी। शहर में पहली बार प्रस्तुति देने आ रही शहनाज के कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।



## पंडालों में भक्तों की सेवा, रास्तों में पदयात्रियों की कतार

# देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का रेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्वांर नवरात्र के पहले दिन से मां बम्लेश्वरी के दरबार में दर्शनार्थियों का सैलाब देखने मिल रहा है।

पर्व के चलते बम्लेश्वरी के दरबार में 24 घंटे सेवा भजन की गूंज सुनाई दे रही है। वहीं पदयात्रियों की सुविधा के लिए मार्ग में लगाए गए सेवा पंडालों में निःशुल्क खान-पान की व्यवस्था प्रशासन और समाजसेवी संस्थाओं ने किया है। अब तक लगभग दो लाख श्रद्धालु दर्शन करने आ चुके है। शनिवार और रविवार को छुट्टी होने के कारण पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना बनी हुई है। जानकारी के अनुसार नवरात्र के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छिरपानी में प्रदेश अग्रवाल समाज ने भंडारा की शुरूआत की है। शिव शक्ति समिति रायपुर एवं नागपुर ने चार दिन तक चलने वाले भंडारे में हलवा, पूड़ी, फलाहार, मीठा सहित आदि की व्यवस्था किया है।




### रिकार्ड ज्योति कलश

जानकारी के अनुसार उपर मंदिर, नीचे मंदिर एवं शीतला मंदिर में लगभग 9 हजार ज्योति कलशों की स्थापना की गई है। हर साल की तरह इस साल भी विभिन्न प्रांतों, विदेशों के भक्तों, भाजपा- कांग्रेस के नेताओं, मंत्री के अलावा अधिकारी आदि ने ज्योत कलश स्थापित करवाया है। उपर मंदिर में 7591, नीचे मंदिर में 901, शीतला मंदिर में 61 ज्योतों में लगभग 300 से अधिक ज्योति कलश नेताओं और 250 ज्योति कलश अधिकारी कर्मचारियों ने प्रज्ज्वलित किया है। आस्ट्रेलिया, यूएसए, सिडनी, कुवैत, केलिफोर्निया के भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया है।

### परेशान कर रही बिजली

नवरात्र पर्व के दौरान भी बिजली की आंख मिचौली होने से लोगों में जमकर नाराजगी देखा जा रहा है। नवरात्र के पहले कलेक्टर ने बैठक में 9 दिनों तक 24 घंटे विद्युत व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। मेंटनेंस में लाखों खर्च करने के बाद भी आंख मिचौली होने से लोग त्रस्त है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात को लगभग दो घंटे शहर के कई क्षेत्रों की लाइट बंद रही। वही प्रातः 10.30 बजे तक 4 से 5 बार लाइट गुल हुई।

### गांवों में भी शक्ति की भक्ति

वनांचल के देवी मंदिरों के साथ लोगों ने ज्योत कलश की स्थापना किया है। कलश स्थापना के साथ पूजा अर्चना किया जा रहा है। नगर में पिछले 50 सालो से हिन्दू, अग्रवाल मारवाड़ी समाज के लोग अपने घरों में ज्योत ज्वारा स्थापना कर रहे हैं।

### पूर्व मंत्री ने किया देवी दर्शन



पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मां बम्लेश्वरी के दरबार में हाजरी लगाकर विधि विधान से पूजा अर्चना किया। यहां पहुंचे श्री साहू का ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों और कांग्रेसी नेताओं ने स्वागत किया। सपरिवार पहुंचे श्री साहू के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, प्रदीप शर्मा, ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, धीरज मेश्राम, संजय श्रीवास्तव, संध्या देशपांडे, संजीव गोमास्ता, हरीश भंडारी, रूपचंद खोब्रागढे, मयूर हथेल, कमल शर्मा एवं हंसराज साहू मौजूद थे। इसी प्रकार प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता नीलू शर्मा ने नवरात्र के दूसरे दिन ऊपर मंदिर, नीचे मंदिर में माँ बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना की। इस दौरान प्रिंस कक्कड़, कृष्णा तिवारी, जसमीत बन्नोआना, अखिलेश गढ़वाल, गिरेश साहू, पप्पू नामदेव आदि उपस्थित थे।

# एम्बुलेंस सेवा आरंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

दनिया के गोलछा परिवार ने एम्बुलेंस सेवा आरंभ किया है। इस सेवा का शुभारंभ सांसद संतोष पाण्डेय ने किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, राकेश ताम्रकार, खम्हन ताम्रकार, राजेश मेहता, राकेश ठाकुर, जीवन दास रात्रे, गिरिराज किशोर दास वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि गोलछा परिवार ने समाज सेवा की मिसाल पेश की है। इस सेवा में मरीज के परिजनों को केवल ईंधन शुल्क देना होगा। ऑक्सीजन सुविधा निःशुल्क होगी। दनिया के आसपास 20 किमी के दायरे के नागरिक इसका लाभ ले सकेंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक गिरवर जंघेंल, मोतीलाल जंघेल, टीके चंदेल, विनोद ताम्रकार, बिसेसरदास साहू, उत्तम जंघेल, दशमत जंघेल, रमेश साहू, निज़ाम मंडावी, नवनीत जैन, परासर ठाकरे, ललित सोनी, संजू चंदेल, महावीर जैन, गुलशन तिवारी, दीपक जैन, प्रमोदसिंह, गोविंद जंघेल, ज्ञान यादव, मन्नू चंदेल, श्यामपाल ताम्रकार, अशोक पाल, दीना जंघेल, भीखु हिरवानी, लीला साहू, हीरा जंघेल, रमेश बैस, रमेश जंघेल, सुरेंद्र जंघेल, ज्योति जंघेल, कमलेश जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल आठ को देवकट्टा बासुला आएंगे

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल सहित कांग्रेस जनों ने गत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर देवकट्टा ,बासूला आने का निमंत्रण दिया। जानकारी के अनुसार श्री बघेल आगामी 8 अक्टूबर को देवकट्टा एवं बासूला आएंगे।



इस मौके पर देवकट्टा में मंगल भवन, रंगमंच, जैतखाम, अवंती मंच और दाऊजी रामदयाल कंवर मूर्ति अनावरण होगा। बासूला में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागवत साहू, सुरेश सिंहा, कीर्तन कंवर, कमलेश सांडे, घनश्याम साहू, बुधरु साहू, चंदू साहू, मेश्राम साहू, मनीष साहू, भीमसन टंडन, आनंदीराम चंदेल, जितेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

# बच्चों की शिक्षा के लिए जागरूक रहे पालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्राथमिक शाला उरईडबरी में द्वितीय पालक- शिक्षक मेगा बैठक आयोजित की गई। स्वागत के पश्चात प्रधानाध्यापक रेखा देशलहरे ने बैठक की विशेषता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने पालकों को आमंत्रण भोज, मैजिक बॉक्स, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, मेरा कोना, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, नवाचार की आवश्यकता आदि के बारे में बताया।

शिक्षक ऋतुराज साहू ने पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। बैठक में शिक्षिका पदमा चंद्रवंशी, खेमिनबाई, सावित्री साहू, प्रेमबाई, हरेलियाबाई, नूतनबाई, रूखमणीबाई, दुलेश्वरी, ओमकार, रूपेश कुमार, हीरासिंग, गिरवर चंद्रवंशी, प्रीतम मारकंडे, तिजियाबाई, धनकुंवरबाई, सकीनाबाई, देवकुमारी, पदमाबाई, खिलावन, उमेश कुमार, मनोहर, पुसऊराम आदि उपस्थित थे।

फोटो 5 अक्टूबर साहू कम्प्युटर

**कल्लूबंजारी।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में सरपंच डोमेन पटेल की उपस्थिति में द्वितीय पालक- शिक्षक मेगा बैठक संकुल भवन में आयोजित की गयी। बैठक में शिक्षक दिनेश कुरेटी ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा किया। सरपंच डोमेन पटेल ने बच्चों के विकास के लिए



शिक्षकों एवं पालकों से सदा जागरूक रहने कहा। इस अवसर पर हेमीनबाई साहू, यूएस मंडावी, दिलहरण पटेल, रामेश्वरी मंडावी, बाबूलाल पटेल, दुर्योधन फूले, जगनूराम ठाकुर, रामाधीन, सुमित्रा ध्रुर्वे, दुलारीबाई चन्द्रवंशी, रूहेलीनबाई कंवर, भुनेश्वरीबाई कंवर, अरविंद ताम्रकार, सोहन पटेल, टोमनलाल ठाकुर, चैतीबाई साहू, चित्राबाई कोर्राम, यशोदाबाई पटेल, नरबदिया, सुनिता, ममता, शिक्षक चुम्मन भुआर्य, जगन्नाथ नेताम, तिलकराम बढ़ई, शोभराय कार्ते आदि मौजूद थे।

# चित्रकला में भूपेन्द्र प्रथम

**एलबी नगर।** स्थानीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आरके ठाकुर के निर्देश पर मनोहर बोकड़े, अरुण साहू ने जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने जनजाति संस्कृति, वेशभूषा , वाद्ययंत्र, नृत्य तथा वीर पुरुषों की वीरता को चित्रकला के माध्यम से प्रदर्शित किया। चित्रकला प्रतियोगिता में



प्रथम भूपेन्द्र कंवर, द्वितीय स्थान पुनीता सलामे तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा देवांगन ने प्राप्त किया। निर्णायक प्रो बीआर चंद्रवंशी, डॉ हेमलता गायकवाड एवं कविता यदु थी।

# पोषण जागरूकता कार्यक्रम

**बांधाबाजार।** मोबाईल क्रेचेस एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में विकासखंड के 15 ग्रामों में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पोषण के प्रति जागरूकता लाने रैली निकाली गई। इसी क्रम में आमाटोला में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाईजर रुखमणी हुडको ने कहा कि पोषण हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। गर्भवती, शिशुवती माता को अपने आहार में पोषक तत्व शामिल करना चाहिए। उन्होंने पोषण एवं वजन के महत्व की जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अरविंदा साकरे ने रेडी टु ईट फुड के बारे में बताया। मोबाईल क्रेचेस के भुपेन्द्र मलगामे ने हरी सब्जियों के उपयोग पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर इंदल सिंह कोर्राम, सावित्री कोमरे, रमता कुंजाम आदि उपस्थित थे।



राष्ट्रीय पोषण माह अभियान अंतर्गत हांडीटोला, हालमकोडो, पांडूटोला, ओटेबांधा, सेम्हरबांधा, जादुटोला, जोरातराई आदि ग्रामों में पोषण कार्यक्रम, वजन त्यौहार, अन्न प्रासन, गोद भराई एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

INSTITUTE CODE 175

AGRASEN COLLEGE OF PHARMACY

D. PHARMACY

APPROVED BY: Pharmacy Council of India, Govt of India New Delhi & Directorate of Technical Education Govt. of Chhattisgarh.
AFFILIATED TO: Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University (CSVTU), Bhilai-Chhattisgarh.

DTE C.G. Govt. Online Councelling Schedule 2024-25

Non PPHT Students also Eligible for Online Councelling

1st Round Counselling Important Dates

| Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|
| 07.10.2024 to 11.10.2024 | 15.10.2024 | 16.10.2024 to 21.10.2024 |

2nd Round Counselling Important Dates

| Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|
| 22/10/2024 to 27/10/2024 | 29/10/2024 | 04/11/2024 to 11/11/2024 |

Institutional level Councelling Imp Dates

| Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|
| 14/11/2024 to 20/11/2024 | 22/11/2024 | 23/11/2024 to 30/11/2024 |

(Based on Merit LIst)

ELIGIBILITY 12th pass out with PCM/PCB

OUR FACILITIES
- Well qualified, experienced faculty.
- Well equipped laboratories.
- Modern library with latest edition.

Education Loan Available
Hostel Facility available in Campus

Vill- Dagania, (Durg-Balod, Main Road) Tehsil-Gunderdehi District- Balod (Chhattisgarh) Pin Code : 491221
Website: www.agrasencollegeofpharmacy.com
Email : agrasenpharmacycollege@gmail.com
8959544444



Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 6 अक्टूबर, 2024



## खबर संक्षेप



### स्कूल से कम्यूटर सेट ले उड़े चोर

■ वेंटिनेटर को तोड़कर भीतर प्रवेश किए चोर

**राजनांदगांव।** स्कूल के वेंटिनेटर को तोड़कर चोर भीतर प्रवेश किए और कम्प्यूटर सेट को चोरी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार गोटाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धावडेटोला के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के वेंटिनेटर को तोड़कर अज्ञात चोर भीतर प्रवेश किए और अतिरिक्त कक्ष में रखे एक नग कम्प्यूटर सेट को चोरी कर लिए। बताया गया कि स्कूल के छत का मरम्मत कार्य जनवरी 2024 में चालू हुआ तो शाला का सभी सामान को अतिरिक्त कक्ष में रखा गया था। मरम्मत कार्य पूर्ण होने पर जब अतिरिक्त कक्ष से सामान वापस लाए, तब कम्प्यूटर सेट चोरी होने की जानकारी हो पाई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 119853 किसानों को मिले सम्मान निधि के 25.85 करोड़

**राजनांदगांव।** केंद्र सरकार की पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी कर दी गई है। जिले में इस योजना से जुड़े जिले के 119853 किसानों को मिले सम्मान निधि के 25.85 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।
उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित किसान सम्मेलन कार्यक्रम से किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त की राशि को सीधे किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में दिखाया गया। किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले में 119853 कृषकों को 25 करोड़ 85 लाख रुपए की राशि से लाभान्वित किया गया।

# नए सदस्य बनाने में नेताओं के छूटे पसीने, एक एंट्री में लग रहे पंद्रह मिनट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देशभर में सितंबर महीने से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। प्रदेश में इस अभियान के तहत 60 लाख लोगों को जोड़ने का टारगेट रखा गया है। जिले से लेकर नेताओं के कद और पद के अनुसार भी लक्ष्य बांट दिया गया है। टारगेट मिलने के बाद नेताओं ने भी फिल्ड पर पसीना बहाना शुरू कर दिया है, लेकिन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों फार्मेट पर नए सदस्यों की जानकारी लेने में नेताओं के पसीने छूट रहे हैं।

बताया गया कि एक नया सदस्य बनाने और उसका फार्म भरने में नेताओं को 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है। ऐसे में दिनभर में एक नेता द्वारा अधिकतम 12 से 15 सदस्य ही बन पा रहे हैं। हालांकि जिला भाजपा अपना टारगेट पूरा करने को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रहा है।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि भाजपा ने आधुनिकता को अपनाते अब अपना सदस्यता अभियान भी डिजिटल कर दिया है। इस बार सदस्यता अभियान में डिजिटल प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जिसमें मिस कॉल के बाद ओटीपी आने के बाद डिजिटल रूप से पूरी डिटेल भरनी पड़ती है। यह प्रक्रिया पार्टी को सदस्यता के आंकड़ों को सटीक और पारदर्शी बनाने में मदद करेगी। बताया गया कि इस महिने की 15 तारीख तक ही अभियान चलेगा।

## तीनों जिलों में सदस्य बनाने के अलग-अलग टारगेट दिए, गांवों में लग रहे कैंप

### मैसेज से मिलेगी जानकारी

भाजपा इस सदस्यता अभियान से अपनी पार्टी का डाटा भी मजबूत करने जा रही है। यही कारण है कि नए सदस्य की बारिकी से जानकारी ली जा रही है। पार्टी के पास सदस्यता अभियान के बाद पक्का डेटा बैंक तैयार होगा, जो सक्रिय और विचार के प्रति मजबूत वोट बैंक का काम करेगा। इसके अलावा, सदस्यता लेने के बाद केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी सीधे मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी। जिससे लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।




### अपना काम छोड़ बना रहे सदस्य

पार्टी ने सभी नेताओं को अलग-अलग टारगेट दे रखा है। ऐसे में सभी नेताओं को अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए मेहनत करनी पड़ रही है। वहीं सक्रिय सदस्य बनने के लिए भी कम से कम 50 नए सदस्य को जोड़ने का टास्क दिया गया है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता भी सक्रिय सदस्य बनने के लिए कम से कम 50 सदस्य जोड़ने पर जोर दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने ही बताया कि उन्हें टास्क पूरा करने के लिए अपना काम छोड़कर सदस्यता अभियान के तहत काम करना पड़ रहा है।

## 12 को दशहरा का भी पर्व, 11 अक्टूबर को सभी जगह अष्टमी का हवन

# नवमी को लेकर संशय, पाताल भैरवी में 11 व बम्लेश्वरी में 12 को ज्योत विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देशभर में जारी नवरात्र के त्यौहार में इस बार नवमी तिथि को लेकर संशय की स्थिति निर्मित है। अलग-अलग शहरों व मंदिरों में नवमी अलग-अलग दिन मनाई जा रही है। जिले में भी सभी माता देवालय एवं पंडालों में मूर्ति स्थापित करने वाली समितियां अब संशय में आ गई है।

पंचांग में अलग-अलग दिन नवमी का उल्लेख होने से समितियां नवमी को लेकर निर्णय नहीं ले पा रही है। हालांकि डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में जहां 12 अक्टूबर को ज्योत विसर्जन किया जाएगा। वहीं राजनांदगांव स्थित पाताल भैरवी मंदिर में 11 अक्टूबर को ही अष्टमी व नवमी मनाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि माता दुर्गा को समर्पित नवरात्रि का पर्व साल में चार बार मनाया जाता है। जिनका अपना महत्व और मान्यता है। शारदीय नवरात्रि के 9 दिनों के दौरान व्रत रखने के साथ-साथ मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की आराधना की जाती है। वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष आश्विन माह में आने वाली शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्रि शुरू होती है। जिसका समापन 9 दिन बाद नवमी तिथि के दिन होता है। इस साल 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि का आरंभ हो गया है। जिसका समापन नवमी के दिन कन्या पूजन करने के बाद होगा।

### यहां इस दिन नवमी

जिले में अलग-अलग दिन नमवी मनाई जा रही है। बम्लेश्वरी मंदिर एवं शीतला मंदिर एवं भरकापारा स्थित काली माई मंदिर में 12 को नवमी मनाई जा रही है, जबकि पाताल भैरवी मंदिर एवं खैरागढ़ जिले की नर्मदा मंदिर में 11 को ही नवमी पुजन किया जाएगा। ऐसे ही शहर की पुरानी समितियों में शामिल दुर्गा चौक दुर्गा समिति एवं हमालपारा समिति द्वारा भी 11 को ही नवमी मनाई जा रही है। हालांकि अब भी सैकड़ो समितियां नवमी को लेकर संशय की स्थिती में है।






### दोपहर बाद 11 को हवन-पूजन

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के प्रख्यात छुरिया देवी मां के मंदिर में 11 अक्टूबर को अष्टमी तथा दोपहर बाद नवमी हवन पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा। मंदिर समिति के सचिव गिरधर प्रसाद तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विधिवत हवन पूजन मंदिर में 11 अक्टूबर को किया जाएगा।

### सफाई नहीं, पसरी गंदगी

शीतला मंदिर में स्थित तालाब में ही ज्योत विसर्जन किया जाता है। अब नवमी को लेकर गिनती के दिन ही शेष रह गए है, ऐसे में ज्योत विसर्जन की तैयारियां भी शुरु हो गई है। लेकिन जिस तालाब में ज्योत विसर्जन होना है वहां गंदगी फैली हुई है। पूरे कुंड में कचरा ही कचरा हो गया है। ऐसे में सही समय पर सफाई नहीं होती है तो कचरे के बीच ही ज्योत विसर्जन करना होगा।

### शीतला मंदिर में दस दिन की नवरात्रि

शहर की प्राचीनतम मंदिर मां शीतला मंदिर में इस बार नवरात्र दस दिन की मनाई जा रही है। मंदिर के पुजारी राज महाराज ने बताया कि 11 अक्टूबर को अष्टमी का हवन किया जाएगा। वहीं 12 अक्टूबर को नवमी एवं दशमी मनाई जाएगी। ज्योत विसर्जन का कार्यक्रम भी 12 अक्टूबर को ही किया जाएगा। मां शीतला मंदिर के आधार पर कई समितियां भी 12 को ज्योत विसर्जन कर रही है।

### इस कारण से संशय

पंचांग के अनुसार इस साल शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि 11 अक्टूबर को दोपहर 12.06 बजे से शुरू हो रही है। जिसका समापन 12 अक्टूबर को सुबह 10.57 मिनट पर होगा। वहीं अष्टमी तिथि 10 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 31 मिनट से शुरू हो रही है। जिसका समापन 11 अक्टूबर को दोपहर 12.06 मिनट पर होगा। ऐसे में 11 या 12 अक्टूबर को नवमी तिथि को लेकर संशय है।

### 12 को रावण वध, मनेगा दशहरा

भले ही नवरात्र में नवमी को लेकर संशय की स्थिति हो, लेकिन देशभर में दशहरा 12 अक्टूबर को ही मनाया जाएगा। शहर से लेकर गांव तक दशहरा पर्व का आयोजन 12 अक्टूबर को किया जा रहा है। शीतला मंदिर सहित कई माता देवालय एवं पंडाल समितियों द्वारा 12 अक्टूबर को ही नवमी एवं दशहरा पर्व मनाया जा रहा है।

# नवरात्रि पर पुलिस अलर्ट, बिछड़ों को अपनो से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्वांर नवरात्र पर्व पर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में दर्शन करने बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंच रहे हैं। जिनकी सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस अलर्ट है। मेला में अपने परिजनों से बिछड़े बालिका, तीन बालक एवं एक वृद्ध को खोजकर उन्हें उनके परिजनों से मिलाया गया। वहीं गुम पर्स को भी पर्स धारक को लौटाया गया।

### असामाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर

नवरात्र पर्व पर 3 से 12 अक्टूबर तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ में क्वांर नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्रि पर्व के दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्वालुगण हजारों की संख्या में रोज डोंगरगढ़ दर्शन के लिए आ रहे हैं। इस दौरान कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिक से अधिक पुलिस बल तैनात कर चोर, पाकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### भटककर बिछड़े लोगों को मिलाया

इसी दौरान 3-4 अक्टूबर को नवरात्रि के दिन व देर रात्रि श्रद्धालुओं की भीड़ में अपने परिजनों से दूर होकर बिछड़े, गुम हुए नन्ही बालिका एवं बालक को नवरात्रि मेला प्रबंध में तैनात पुलिस स्टॉफ द्वारा आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में देर रात्रि तत्परता से पतासाजी कर माईक सेट द्वारा लगातार सूचना प्रसार कर लापता बालिका एवं 3 बालक को कुछ ही समय में सकुशल उसके माता व परिजनों को सुपुर्द किया गया। एक वृद्ध महिला भी अपने परिजनों से भटककर बिछड़ गई थी, जिसे पुलिस द्वारा ढूंढकर उसे भी उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### पार्किंग में वाहन खड़ी करने अपील

गुम बच्चों एवं वृद्ध महिला के सकुशल मिलने से दुखी परिजन हुए हर्षित हुए तथा दर्शनार्थियों को बच्चों पर विशेष ध्यान और सावधानीपूर्वक ख्याल रखने हेतु हिदायत भी दी गई। साथ ही एक लावारिस लेडिस पर्स मिलने पर पुलिस टीम द्वारा पर्स में रखे दस्तावेज के आधार पर पर्स स्वामी को ढूंढकर उसमें मौजूद सोने एवं चांदी के ज्वेलरी तथा रुपए को सकुशल पर्स को सौंपा गया। नीचे मंदिर, उपर मंदिर एवं मेला स्थल में पुलिस लगातार तैनात है और लोगों से यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित पार्किंग में अपना वाहन खड़ा करने अपील की है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्र पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पुलिस सतर्क है। जिसके तहत असामाजिक तत्वों पर जहां नजर रखी जा रही है। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभियान चलाया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने असामाजिक तत्वों एवं यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

### मोटर व्हीकल एक्ट पर कार्रवाई

इसी तरह शहर के भीड़भाड़ वाले मार्ग पर मोटर साइकिल के स्वामी अनावेदक कुमार चतुर्वेदी 40 वर्ष साकिन सूर्या नगर रिंग रोड़ थाना छावनी भिलाई द्वारा अपनी मोटर साइकिल को नाबालिग को चलाने देकर मोटरयान अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करना पाए जाने से अनावेदक को धारा 3/181, 4/181, 5/180 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई किया गया।

### कार्रवाई जारी रहेगी

देर रात्रि मानव मंदिर चौक में नो-पार्किंग पर मोटर कार लगाकर रास्ता जाम कर केक काटने वाले व्यक्ति पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने के संबंध में मोटर व्हीकल अधिनियम की धारा 117 /177, 119/177 के तहत कार्रवाई की गई है। आगे भी असामाजिक तत्वों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### दो के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

अभियान के तहत 5 अक्टूबर को थाना को सूचना प्राप्त हुई कि तुलसीपुर रेलवे फाटक के पास जन्मदिन पार्टी मनाने की बात को लेकर कुछ लोग वाद-विवाद झगड़ा हो रहे हैं। सूचना पर तत्काल थाना से पुलिस स्टॉफ पहुंचकर समझाने का प्रयास किया गया। अनावेदक लावेश गुड़ाम 21 वर्ष साकिन रविदास नगर मोतीपुर, आरसील मेश्राम 19 वर्ष साकिन फुलवारीपारा चंदन नगर मोतीपुर द्वारा पुलिस को देखकर काफी उत्तेजित होकर मारने-पीटने पर उतारू हो गए थे। जिससे शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति निर्मित होने पर धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट जारी होने पर जिला जेल दाखिल किया गया।

### निषाद समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज की मासिक बैठक 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के समक्ष सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है।

## प्रदेश के कई जिलों से लोग यहां पदयात्रा कर पहुंच रहे श्रद्धालु

# मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पदयात्रियों का रेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में मां के दर्शन को जाने वाले पदयात्रियों की संख्या बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष अधिक नजर आ रही है। मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए हजारों पदयात्री 24 घंटे मार्ग पर पैदल चलते नजर आ रहे हैं। मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन को जाने वाले पदयात्रियों की सेवा के लिए राजनादगांव जिले में अंजोरा से डोंगरगढ़ तक नगर निगम सहित कई सेवाभावी संस्थाओं द्वारा सेवा पंडाल लगाया गया है।

डोंगरगढ़ के पहाड़ों पर विराजमान बगलामुखी मां बम्लेश्वरी के दर्शन को जाने के लिए दुर्ग से डोंगरगढ़ तक पदयात्रियों को रेला लगा हुआ है। प्रदेश के कई जिलों से लोग यहां पदयात्रा कर पहुंच रहे हैं। पदयात्रा करने वाले भक्तों की अपार श्रद्धा को देखते सेवाभावी संस्थाओं द्वारा पदयात्री मार्ग पर सेवा पंडाल लगाए गए हैं।शहर के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने नगर निगम द्वारा पदयात्रियों के लिए सेवा पंडाल लगाया गया, जहां उन्हें भोजन, फलाहारी और दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।






### मां के दर्शन होते ही मिट जाती है थकान

सैकड़ों किलोमीटर मां बम्लेश्वरी मंदिर जाने के लिए पदयात्रा करने वालों में महिलाओं की भी खासी संख्या दिखाई दे रही है। अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पदयात्रा कर लाखों भक्त मां के दर्शन करते हैं। पदयात्रा कर डोंगरगढ़ पहुंचने वालों की थकान मां के दर्शन होते ही उतर जाती है।

### भोजन और दवाईयों की सुविधा

भिलाई से पदयात्रा कर डोंगरगढ़ जा रही नेहा, रेखा और तनु का कहना है कि रास्ते में सेवा पंडालों से काफी कुछ मिल जाता है। पैदल चलने से दर्द होता है तो दवाईयां भी मिल जाती है।

### सेवा पंडालों की सराहना

मां बम्लेश्वरी के दर्शन को जाने वाले पदयात्री पडालों की सुविधाओं से काफी प्रभावित हैं। पदयात्रा कर डोंगरगढ़ जा रहे पदयात्रियों ने कहा कि यहां जो पंडाल लगा है, उसमें उनके लिए काफी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। अभनपुर के पदयात्री उमेश कुमार ने कहा कि अभनपुर से 40 लोगों का जत्था मां बम्लेश्वरी मंदिर पदयात्रा कर जा रहा है। वहीं रायपुर से पदयात्रा कर डोंगरगढ़ जा रहे प्रेम पटेल ने बताया कि वह बीते लगभग 15 वर्षों से पदयात्रा कर डोंगरगढ़ जाते हैं।

### प्रशासनिक स्तर पर सुविधा

पदयात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए प्रशासनिक और पंचायत स्तर पर कई ग्रामों में पदयात्रियों के ठहरने की सुविधा है। वहीं पदयात्री मार्ग पर लगभग 50 किलोमीटर तक विद्युत व्यवस्था की गई है। पदयात्रियों की सुविधाओं के लिए दवाईयां, मालिश, भोजन, मोबाइल चार्जिंग के साथ ही आपातकालीन स्थिति के लिए एम्बुलेस की व्यवस्था भी की गई है।

आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+

बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा

Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456

हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

**सर्व मंगल मांगल्ए शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ए त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।**



जगजननी दुर्गा उत्सव समिति, जमातपारा


परमहंस दुर्गा उत्सव समिति, रामाधीन मार्ग


माँ वैष्णोदेवी दुर्गा उत्सव समिति, आज़ाद चौक


माँ शीतला दुर्गा उत्सव समिति, माता देवालय सोनारपारा


राजनांदगांव दुर्गा उत्सव समिति, बैगा समूह मानव मंदिर चौक


श्री दुर्गा वार्षिक महोत्सव, शक्ति धाम दुर्गा चौक


शारदा उत्सव समिति, जयस्तंभ चौक


सार्वजनिक कालिका उत्सव समिति, गुड़ाखू लाइन हमालपारा

### जारी चयन सूची को लेकर शिक्षक संवर्ग में नाराजगी

# राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन पर फेडरेशन ने उठाया सवाल

## भौतिक सत्यापन के बगैर सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लोक शिक्षण संचालनालय के दिशा निर्देशों को दरकिनार कर सत्र 24/25 के लिए जिले से राज्यपाल पुरस्कार के लिए जारी चयन सूची को लेकर शिक्षक संवर्ग में नाराजगी बढ़ती जा रही है। छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रामलाल साहू, ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोनी, शिवचरण वर्मा, कोमल कोठारी, संजूराम कंवर, सहित दर्जनभर से ज्यादा शिक्षको ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया में राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन संबंधी खबरे प्रमुखता से देखने पढ़ने मिल रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा अलग अलग पुरस्कारों के चयन को लेकर स्पष्ट दिशा निर्देश दिया जाता है जिसका जिला स्तर पर चयन समिति द्वारा शिक्षक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में दी जानकारी का बिंदुवार भौतिक सत्यापन सहित दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद नाम प्रस्तावित किया जाना था, लेकिन इस दफे ऐसी प्रक्रिया का पालन नही करने के कारण पुरस्कार के लिए नामित नामों पर सवाल उठाया जा रहा है। फेडरेशन सदस्यों ने कलेक्टर से कहा कि ऐसी घटना से पूरा शिक्षक समाज आहत है और मांग करता है कि मामले में जॉचकर दोषी के उपर कड़ी कारवाई करने की कृपा करे ताकि शिक्षको का सम्मान और राज्यपाल पुरस्कार की गरिमा बरकरार रहे।



### जिपं सभापति ने भी लिखा है पत्र

शिक्षा विभाग मे अलग-अलग पुरस्कारों व अलंकरण के लिए विभाग द्वारा समय समय पर दिशा निर्देश जारी किया जाता है उन निर्देशो पर खरा उतरने वाले शिक्षक को ही पुरस्कार के लिए विभागीय अधिकारी नामित करते है लेकिन इस दफे सारे दिशा निर्देशो और नियमो को दरकिनार कर चयन समिति ने सूची बनाया और तीन का पैनल बनाकर उसे संचालनालय भेजा जहां से दो शिक्षकों के नाम पर पुरस्कार के लिए मुहर लगा है। सत्र 24/25 के लिए बैहाटोला शाला प्रपा किशोर शर्मा के चयन पर जिपं सभापति विप्लव साहू ने भी कलेक्टर, डीपीआई और विभागीय सचिव को पत्र लिखकर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि अनियमित शाला में उपस्थिति, शैक्षणिक कार्य मे अरूचि और तीन सालो की पदस्थापना मे बैगलेस डे के दिन ही बच्चों को क्रियात्मक गतिविधि की जानकारी देने वाले शिक्षक का चयन गलत है। शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर मैदानी स्तर पर काम करने वालो को दरकिनार कर समिति ने मनमानी कर दिशा निर्देशों का खुलेआम अवहेलना किया है। किशोर शर्मा के चयन से वो शिक्षक हतोत्साहित हो रहे है जो सही मायनों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखने अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से बच्चो की अभिरूचि अनुसार क्रियाकलाप कराते है।

### मैदानी परीक्षण करना था समिति को

शिक्षकीय कार्य मे लापरवाही बरतने वाले शिक्षक पर विभागीय अधिकारियों की कृपा दृष्टि समझ से परे है जबकि मैदानी स्तर पर उनसे ज्यादा बेहतर काम करने वाले मौजूद है। उनका कहना है कि चयन समिति को श्रेष्ठ शिक्षको का चयन कर पुरस्कार के लिए नामित करना था जो जिले का प्रतिनिधित्व करे लेकिन यहां इसकी पूरी तरह से अनदेखी की गई। शैक्षणिक गतिविधि, नवाचार, पांच सालो की उपलब्धि सहित शाला व बच्चों के हित में होने वाली गतिविधियों का आकलन कर समिति शिक्षक का चयन करती है। उनका कहना है कि समिति में शामिल लोगों ने बिना मैदानी जानकारी एकत्र किए यहां तक की शिक्षक के संबंध मे संकुल समन्वयक, शाला विकास समिति, सरपंच किसी से राय लेना उचित नही समझा और अपने मनमाफिक निर्णय लिया है। जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि शालेय गतिविधियों को लेकर शिक्षक द्वारा प्रस्तुत फाइल को ही अंतिम मानकर समिति ने नामित कर दिया है उन्होंने कहा कि पुरस्कार की गरिमा बनाए रखने वो अपनी बात महामहिम तक पहुचाकर निर्णय पर पुर्नविचार का अनुरोध करेंगे।

## सामाजिक अधिवेशन के नाम पर अवैध वसूली, एसपी से शिकायत

**खैरागढ़।** राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह 1282 मे सामाजिक अधिवेशन के नाम पर चंदा वसूलने के लिए दबाव बनाने वाले पदाधिकारियो की एसपी से शिकायत कर गंडई निवासी सतीश सिंह राजपूत ने कारवाई की मांग की है।

एसपी को सौंपे शिकायत आवेदन मे सतीश राजपूत ने कहा कि महासभा 1282 के बीते दो त्रिवर्षीय चुनाव 2019 और 2022 को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने 9 सितंबर 24 को अवैध करार दे दिया है, लेकिन बीते छै सालो से छः साल से संगठन अवैधानिक तरीके से संचालित हो रहा है। सतीश सिंह राजपूत ने कहा कि महासभा सैंतीस उप समितियो में बंटा हुआ है जिसमे एक उपसमिति गंडई भी है। महासभा की सदस्यता एक अप्रैल से 31 मार्च तक एक वर्ष तक के लिए वैध रहती है लेकिन संगठन के संचालक मंडल को अवैध घोषित होने के बाद भी सितंबर महीने में नई सदस्यता शुल्क लेने के लिए बिना पदनाम, सील मुहर के रसीद बुक जारी किया गया है जिसका समाज के कई सदस्यो ने विरोध किया है।

### अधिवेशन और सदस्यता के नाम पर होती है वसूली

सतीश सिंह राजपूत ने अवैध करार दिए संगठन पदाधिकारियों द्वारा उन पर सदस्यता व अधिवेशन शुल्क वसूल करने दबाव डालने की बात के साथ कहा कि दस सदस्यों से शुल्क वसूली नही करने पर सामाजिक कारवाई की धमकी दी जा रही है। सक्रिय सदस्यता समाप्त करने की बात कही जा रही है। अवैध वसूली और सामाजिक प्रताडना को लेकर शिकायत आवेदन में उन्होंने कहा है कि महासभा में 2019 से विवाद चल रहा है। त्रैवार्षिक चुनाव के अलावा अधिवेशन के नाम पर प्रदेश भर में सामाजिक बंधुओं से तीस से चालीस लाख तक की वसूली होती है उसका बंदबांट करने कुछ लोगों द्वारा इस प्रकार का कृत्य किया जा रहा है। शासन के जांच प्रतिवेदन में लेखा जोखा, लेजर बुक संधारण नही पाए जाने पर संगठन को अवैध करार दिया गया है। उन्होंने मामले में कारवाई की मांग की है।

### आरोप निराधार

सदस्यता शुल्क वसूली को लेकर दबाव का आरोप निरर्थक निराधार है। वाणिज्य व उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा संबंद्धता और निर्वाचन को वैध बताते हुए 27 सिंतबर 24 को आदेश जारी किया गया है। महासभा का संचालन शासन के नीति निर्देश व विभाग के नियम अनुसार हो रहा है। समाज को भ्रमित करने विघ्न संतोषी तत्व दुष्प्रचार कर रहे है।

**- बजरंग सिंह बैस,**
केंद्रीय अध्यक्ष राजपूत महासभा 1282

# किसानों को देशी खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार



समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था दक्कोटोला ने गत दिनों एक दिवसीय जैविक देसी धान की खेती की जानकारी देने प्रशिक्षण का आयोजन किया।

संस्था ने देसी तरीके वाले धान के खेत में ले जाकर उत्साही कृषकों को प्रशिक्षण दिया। बीएएफ की नोडल एजेंसी के भैरव दादा ने समन्वयक जयदेव मोहुर्ले तथा 10 कृषकों के साथ खेतों में जाकर 7 प्रजाति के धान की खेती के बारे में बताया। भैरव दादा ने कार्यालय में बैठक लेकर कृषको बताया कि वर्तमान में खेत से जैव विविधता नष्ट हो रही है।

प्रदूषित भोज्य पदार्थ, पानी, मिट्टी, हवा का मानव तथा जीव जंतु पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। प्रशिक्षण में जयदेव मोहुर्ले, अर्जुन कुमेटी, गजाराम धुर्वे, सरिता कोरेटी, शत्रुघ्न सलामे, खोरबाहरा यादव, दुरुगसाय कोरेटी, गंगादास सलामे, सुरेंद्र धुर्वे, अर्जुन हिड़ामी आदि शामिल हुए। अंत में आभार प्रदर्शन जयेश कुमार ने किया।

## बैगा जनजातियों को दिए फलदार पौधे

**गंडई पंडरिया।** प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत बीते दिनों वन परिक्षेत्र गंडई के उप परिक्षेत्र मोहगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम खर्रा, दरबान टोला में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैगा जनजातियों को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने फलदार पौधे प्रदान किया। उन्हे अधिक से अधिक पौधा रोपण करने प्रेरित किया। शिविर में संतू बैगा, रामचरण गोड, बहुरसिंग, बिसरू, तिहारू ,हरेसिंग गोड, इतवारी गोड आदि को पौधे दिया गया। शिविर में वन परिक्षेत्र अधिकारी सलीम मोहम्मद कुरैशी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बीएस क्षत्रिय, परिसर रक्षक ओमप्रकाश डडसेना, अनिल गेंदले आदि मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना के चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट में सुधारात्मक कार्रवाई करें



**खैरागढ़।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा व एसपी त्रिलोक बंसल ने बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने जिले में ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर उन स्थानों पर सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश जारी करते हुए कहा कि इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने दुर्घटना से बचने सड़क किनारे लगे पेड़ों में रेडियम लगाने और सड़कों पर विचरण कर सुगम आवाजाही को सर्वाधिक बाधित करने वाले आवारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए राजस्व, पुलिस विभाग और पालिका या पंचायत के अधिकारियों को टीम बनाकर मवेशियों को हटाने और रेडियम लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें जिन स्थानों में अधिक संख्या में मवेशी सड़क पर बैठते हैं। ऐसे स्थानों के आस-पास के लोगों को अभियान चलाकर जागरूक करे ताकि मवेशी सड़क पर न बैठे। उन्होंने कहा कि समिति सड़क दुर्घटना के कारणों की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उन दुर्घटना के कारणों को दूर किया जा सके।

### फिटनेस की करें जांच

एसपी त्रिलोक बंसल ने कहा कि सड़क दुर्घटना के कई कारण हो सकते हैं। सड़क दुर्घटना स्पीड ब्रेकर और डिवाइडर गलत तरीके से बनने पर, अंधा मोड़, झाड़ी, शराब पीकर वाहन चलाने जैसे कारणों से हो सकती है। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाए। उन्होंने सवारी वाहनों सहित अन्य वाहनों की फिटनेस जांचकर लापरवाही बरतने वाले वाहन मालिकों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया ताकि सडक़ दुर्घटना की संभावनाओं को कम किया जा सके। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जयंती के साथ न्यौता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



शनिवार को प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अचानकपुर में वायु सेना दिवस, महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाया गया।

इस अवसर पर बच्चों ने ड्रॉइंग शीट पर महापुरुषों की जीवनी एवं उनसे जुड़े प्रेरक प्रसंग को लिखकर प्रस्तुत किया। सुदामा साहू ने अपने बेटे वंश साहू के जन्मदिन पर न्यौता भोज आयोजित किया। इस अवसर पर सुदामा साहू, सतीबाई साहू ने वंश और गरिमा के साथ बच्चों को खीर-पूड़ी, पापड़, सलाद, केला और पेड़ा परोसा। अंत में पेन वितरित किया गया। इस अवसर पर पन्नालाल जंघेल, गल्लाराम रोडगे, सुमित्रा कामड़े, धर्मशीला जंघेल, प्रमोद साहू, उजय जंघेल, चेतराम वर्मा, नरसिंग साहू, मंतराम कंवर, दिनेश साहू, दाऊराम साहू, रामावतार साहू, संतोष कुंभकार, मनोज साहू, नंदकिशोर यादव आदि मौजूद थे।

### बच्चों को खीर पूड़ी वितरित

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला टटेंगा में प्रधान पाठक लिखन राम सरपा की अनुमति से नवरात्रि के अवसर पर व्याख्याता रश्मि साहू, अजय पाठक ने न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अलावा खीर पूड़ी वितरित किया गया। इस मौके पर आरके देवांगन, खेमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी, संजय साहू, आरडी देवांगन, टीएल देवांगन, श्री वासनिक, चंद्रा देवनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, अनुराधा खरे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव उपस्थित थे।



## ग्रामीण क्षेत्र में दूसरे दिन दिलाई गई भाजपा की सदस्यता

# सदस्यता अभियान में स्वस्फूर्त जुट रहे समर्थक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भाजपा का सदस्यता अभियान महापर्व विस्तार ले रहा है। शनिवार को पनेका, बांकल और फरहद में ग्रामीणों ने सदस्यता ग्रहण कर देश के प्रति अपने कर्तव्यों की पूर्ति हेतु शपथ ली। भाजपा नेता परवेज अहमद ने बताया कि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल व भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर की मौजूदगी में नए सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन से सभी को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि आज नव सदस्यों को तिलक लगाकर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक समूह में प्रवेश दिलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्मयोग और भाजपा की विचारधारा से प्रभावित लोग स्वयं ही इस महापर्व में जुड़ रहे हैं और भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं।

आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पनेका में जनपद सदस्य व महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड़, कुशल खोब्रागढ़े, मंडल अध्यक्ष पुष्पा उइके, बूथ अध्यक्ष रामदास साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामसिंग उइके, पूर्व बूथ अध्यक्ष ईश्वर साहू, पूर्व सरपंच सुखूराम साहू, गोविंद साहू, कृपाल साहू, देवेंद्र देवांगन, कमलाबाई खोब्रागढ़े, कमरजाबाई खोब्रागढ़े, मुकेश, रघुनाथ, राकेश खोब्रागढ़े शामिल हुए। ग्राम फरहद में शक्ति केंद्र प्रभारी मोतीलाल देवांगन, महिला अध्यक्ष इंदु पटेल, महिला सदस्य अंजु यादव, सेवकराम साहू, कन्हैयालाल मंडावी, ओंकार साहू, मंगल रजक सहित अन्य मौजूद थे। वहीं बांकल में बूथ अध्यक्ष टेकुराम सिन्हा, कमलेश निषाद, भगवंती निषाद, भारत पटेल व अन्य उपस्थित रहे।



### सदस्यता अभियान में बनेगा नया रिकार्ड

भाजपा के सदस्यता अभियान महापर्व की ग्रामीण अंचल में शुक्रवार को शुरूआत की गई थी। भाजपा नेता परवेज अहमद ने बताया कि शनिवार को पनेका, बांकल और फरहद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वस्फूर्त लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर सभी को सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पांडेय के आह्वान पर यह अभियान गांव-गांव तक पहुंच रहा है। तय है कि छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव जिला सदस्यता अभियान में नया रिकॉर्ड बनाएगा।

## किसानों को मिली सम्मान निधि



**खैरागढ़।** पीएम सम्मान निधि की अठारहवीं किश्त के रूप मे जिले के 54 हजार 304 किसानों को 12 करोड़ 9 लाख रूपए मिले। उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया कि महाराष्ट्र के वाशिम जिले के वायगांव में आयोजित कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि की अठारहवी किश्त के रूप में 9.4 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक एकाऊंट मे ट्रांसफर किया गया।

उन्होंने बताया कि जिले के 43 हजार 304 किसानों के बैंक खातो में डीबीटी के माध्यम से 12 करोड़ 9 लाख रूपयों का अंतरण किया गया है जबकि 1 हजार 38 किसानो का बेंक मे आधार सीडिंग नही होने के कारण अंतरण नही हो पाया। उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने सम्मान निधि से वंचित किसानों को जिला कार्यालय मे संपर्क कर आधार खाते का जल्द से जल्द सीडिंग कराने की अपील की है ताकि उन्हें योजना से लाभांवित किया जा सके। छुईखदान जनपद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम मे सहायक संचालक लुकमान साहू, एसडीओ कृषि खैरागढ़ वीरेंद्र डहरिया, सहायक संचालक उद्यान रवींद्र मेहरा, वकृविअ सीके उइके सहित अन्य मौजूद थे।


Hero
नवरात्रि एवं दशहरा
की हार्दिक शुभकामनाएं
JM
JAI MOTORS
जय हीरो
लाया है
हर दिन
उपहार ऑफर
XTREME 125R
में
7500/-*
तक का
DISCOUNT
DESTINI PRIME
हीरो के हर गाड़ी की खरीदी पर
निश्चित उपहार*
4500/-* तक कैश डिस्काउंट
जय मोटर्स
जी.ई. रोड़ राजनांदगांव (छ.ग.) मो. 9289922357

## संस्कारधानी में कई आयोजन, रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान में पहुंच रहे शहरवासी

# लाइव म्यूजिक की धुन में गरबा की बिखरी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शारदेय नवरात्रि पर्व पर संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति द्वारा शिवनाथ वाटिका में दूसरे दिन गरबा उत्सव की धूम रही। रंग-बिरंगी रोशनी, शानदार संगीत और मातारानी की भक्ति से ओत-प्रोत इस गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गरबा के दौरान विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद विजेताओं को सम्मानित किया गया।

दूसरे दिन के गरबा उत्सव में सर्वश्रेष्ठ गरबा नृत्य और परिधानों के आधार पर विजेताओं को ट्रॉफी दी गई। बेस्ट गरबा मेल का खिताब पीयूष वर्मा ने जीता। जबकि बेस्ट गरबा फीमेल का खिताब रोहिणी देशमुख के नाम रहा। इसके अलावा निलेश सहारे को बेस्ट ड्रेसअप मेल और शुभांगी शर्मा को बेस्ट ड्रेसअप फीमेल के खिताब से नवाजा गया। बेस्ट कपल के रूप में यश यादव और वंदना को चुना गया। वहीं बच्चों की श्रेणी में वान्या चंद्रकार को बेस्ट किड का पुरस्कार मिला।

इसके अलावा आयोजन समिति द्वारा विशेष रूप से सिल्वर स्क्रीन टिकट के विजेताओं की घोषणा भी की गई। जिसमें आरती मंजार, निशा मंजार, मौली बख्शी, दीपाली साहू और नितिन रूचंदानी को पुरस्कार स्वरूप टिकट दिए गए। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों ने विजेताओं को बधाई दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि इस बार का गरबा उत्सव न केवल धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहा, बल्कि लोगों ने सामाजिक रूप से भी इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया।



### आडिटोरियम में आज से रास गरबा

पद्मश्री पं. गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आज से रास गरबा की धूम रहेगी। नवरात्रि के पर्व पर मां शक्ति की आराधना करते श्री राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा श्री कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में कल 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक राज गरबा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में छत्तीसगढ़ के कलाकार शिरकत करेंगे। वही संस्कारधानी के लोग भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। नवरात्रि पर्व पर रास गरबा के इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के कलाकार भी शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में अलग-अलग राज्यों में प्रचलित राज गरबा पैटर्न की भी प्रतियोगिताएं होगी, जिस पर प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार की राशि रखी गई है।

### गरबा के रंग में सराबोर गायत्री विद्यापीठ मैदान

**राजनांदगांव।** शारदेय नवरात्रि पर्व पर लायंस इंटरनेशनल द्वारा गायत्री विद्यापीठ के मैदान में गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जहां गरबा उत्सव की धूम बनी हुई है। 3 अक्टूबर को लायंस क्लब के भव्य गरबा मैदान में आयोजित आयोजन के मुख्य अतिथि संपादक सुशील कोठारी, विशेष अतिथि संपादक दीपक बुद्धदेव व श्रीमती बुद्धदेव द्वारा मातारानी की पूजा-अर्चना की। दौरान समाजसेवी शारदा तिवारी, महाकाल सेवक पवन डागा, प्रकाश सांखला सहित गरबा संयोजक बृजकिशोर सुरजन, गरबा चेयरमैन राजा माखीजा, लायंस क्लब अध्यक्ष तरुणदीप अरोरा, गरबा कोषाध्यक्ष संतोष लोहिया एवं गरबा को-चेयरमैन शारदा तिवारी व राजकुमार शर्मा, प्रकाश सांखला आदि उपस्थित थे। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही भव्य रूप से सजे गायत्री विद्यापीठ मैदान गरबा के रंग में सराबोर हुआ जा रहा है। नवरात्रि के प्रथम दिन मातारानी की पूजा-अर्चना बाद अतिथियों ने भी लाइव म्यूजिक की धुन में जमकर गरबा खेले। अतिथियों के साथ लोगों ने भी जमकर गरबा खेली। लोगों ने इस दौरान माता के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर मातारानी की जयकार के नारे लगाए। इस दौरान बड़ी संख्या में लायंस क्लब के पदाधिकारियों सहित शहर के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।



### 10 को पेंडरी में सत्संग

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी के पास चातुर्मास महोत्सव पर आध्यात्मिक दिव्य सत्संग/धर्मशाला भवन उद्घाटन समारोह छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के माध्यम से पुराणिक साहू बालोद द्वारा छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आगामी 10 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। सद्गुरु कबीर आश्रम पेंडरी के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने बताया कि सत्संग कार्यक्रम में परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब द्वारा आध्यात्मिक दिव्य सत्संग प्रस्तुत किया जाएगा एवं रामकिंकर मानस परिवार के भजन सम्राट सुरेश यादव द्वारा मधुर भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा।




### रूसना ने स्पर्धा में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम की रूसना परवीन कक्षा 11वीं ने पाटन में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर, बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर संभाग को हराकर दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अध्ययन के साथ-साथ शाला में खेल को भी अधिक महत्व दिया जाता है। उसी का परिणाम है कि गायत्री विद्यापीठ के छात्र-छात्राएं विभिन्न खेलों में अपना परचम लहरा रहे है। इस अवसर पर शाला प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल ने कहा कि विद्यालय का यही प्रयास रहता है कि विद्यार्थी अध्ययन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में आगे आएं तथा परिवार तथा शाला को गौरवान्वित करें।

इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, गगन लड्ढ़ा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, सागर चितलांग्या, पिंकी खंडेलवाल, वंदना डुम्भरे, अनिल बाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने प्रशंसा की। उक्त जानकारी क्रीडा अधिकारी अखिलेश मिश्रा ने दी।

### त्वरित निराकरण पर सिंधी समाज ने जताया आभार

**राजनांदगांव।** 2022 में हिट एंड रन मामले के मुख्य आरोपी पदमन दीवान को राजनांदगांव के कार्यपालन अभियंता का प्रभार देने से सिंधी समाज में आक्रोश की लहर को भांपते विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने संवेदनशीलता का परिचय देते अधिकारियों को दीवान को हटाने का निर्देश दिया। जिसके प्रतिपालन में दीवान को राजनांदगांव से हटाने का आदेश जारी होने पर सिंधी समाज एवं चौथवानी परिवार ने डॉ. सिंह का आभार जताया है।

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने बताया कि समाज ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं डॉ. रमन सिंह से दूरभाष पर अपनी व्यथा बताई। छात्र यश चौथवानी को न्याय नहीं मिला है और मामला कोर्ट में विचाराधीन है। दूसरे दिन समाज के अर्जुनदास पंजवानी, ब्राम्हनंद बजाज, मन्नूमल मोटलानी, विजय गंगवानी, रूपचंद भीमनानी, राजा माखीजा, रवि बोधानी, अनिल चौथवानी ने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था, जिस पर त्वरित संज्ञान लेने पर सिंधी समाज के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, तरुण लहरवानी, अमर लालवानी, चंदन रूचनदानी, दौलत रामचंदानी ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है।

## नेहरूराम छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष मनोनीत

**राजनांदगांव।** मछुवारा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नेहरूराम निषाद को छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पर मनोनीत करने पर निषाद समाज राजनांदगांव के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी। शुभकामनाएं देने वालों में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद सोनवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष हीराभाई निषाद, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष ईश्वर निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद, मछुआ प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कलेश्वर निषाद. प्रदेश व जिला सलाहकार सोनीराम निषाद, सलाहकार विजयलाल निषाद, मार्गदर्शक बसंत लारिया, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पद्मनी निषाद, संगठन सचिव हेमलता निषाद व ओमलता निषाद सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।











# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024




## खबर संक्षेप

### स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत बजरंग युवा कल्याण समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान




**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम महका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती अवसर पर ग्राम में स्वछता अभियान कर ग्राम के सार्वजनिक स्थानों पर जय बजरंग युवा कल्याण समिती के साथ ग्राम महका के छात्र छात्राओं ने साफ-सफाई किया गया। वहीं नेहरू युवा केंद्र भारत सरकार खेल मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सामग्री को समिति के सदस्यों व विद्यार्थियों को वितरण कर प्रोत्साहित करते हुए स्वच्छता अभियान के पहले टोपी और बैच लागकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ युवाओं को डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया। ग्राम के युवाओं द्वारा विगत कई वर्षों से अपने जन्मभूमि-ग्राम को सुंदर बनाने हेतु निरंतर निःस्वार्थ भाव से सेवा देते रहे है, इस अवसर धनराज चंद्राकर, विकास चंद्राकर, विजेन्द्र यादव, रोहित रजक समिति के सभी सदस्य उपस्थित थें।

### मक्के स्कूल में पालक शिक्षक मेगा बैठक



**हरिभूमि कवर्धा।** शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में पैरेंट-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम तथा उनके व्यक्तित्व के विषय में चर्चा किया गया, इस बैठक में सबंधित 15 विषय बिन्दुओं में परिचर्चा किया गया साथ ही साथ छात्र छात्राओं के संज्ञानात्मक विकास के क्षेत्र में पालक से सुझाव लिया गया। वहीं नवरात्रि के पावन पर्व पर दशहरा अवकाश के बारे में भी बताया गया। इस दौरान संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, प्रधान पाठक एलविना विलसन, शिक्षक निर्मल पात्रे, ग्राम पटेल कुमार साहू, सरपंच मुक्तानन्द साहू, अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष ज्योति साहू, सदस्य हेमलता मानिकपुरी, दुखिया साहू, मधु साहू, रजनी साहू, राजकुमारी साहू, रजवंती, हरि साहू, भोला साहू व पालक गण उपस्थित थें।

### कंझेटा में मेगा पालक-शिक्षक की बैठक संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा शुक्रवार को छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक कार्ड] अपार आईडी बनाने हेतु मेगा पालक-शिक्षक का बैठक किया गया। प्राचार्य संजय वैष्णव द्वारा दी गई जानकारी अनुसार भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 के तहत अपार आईडी एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत कक्षा 9वीं से 12वी तक अध्यनरत छात्र-छात्राओं का अपार आईडी बनाया जाएगा। जिसे डिजिलॉकर में रखा जा सकता है, जिसमे प्रत्येक को 12 अंको का पहचान नंबर दिया जाएगा, अपार आईडी में विद्यार्थी का समस्त शैक्षणिक रिकॉर्ड रहेगा, विद्यार्थी वर्ग किसी दूसरे स्कूल या कॉलेज में प्रवेश लेगा तो इसकी विशेष रूप से जरूरत होगी, इससे विद्यार्थी का रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। उक्त बैठक में त्रैमासिक परीक्षाफल की समीक्षा, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, छात्रवृति और अन्य विद्यालय संबंधी विषयों में पालकों से चर्चा किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, परस चंद्रवंशी, कलप सिंह, रमेश चंद्रवंशी, मुरली चंद्रवंशी, जगदीश साहू, डाकोर साहू, अमर सिंह, तोषण शर्मा व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

### सनत साहू बने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयुक्त सचिव



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ के संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त होने पर युवा हसमुख सहज सरल कवर्धा से सनत साहू को जिला साहू संघ अध्यक्ष सहित समस्त नगरवासी एवं मित्र जनों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सनत साहू ने आगे बताया कि प्रदेश आईटी प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह 6 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं अध्यक्षता टहल राम साहू, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ सहित समस्त आईटी प्रकोष्ठ, सामाजिक विधायक, पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

### खम्हरिया में मुख्य प्रवेश द्वार का भूमि-पूजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम खम्हरिया में स्व बीपत राम चंद्राकर व स्व श्रीमती हिरौंद बाई चंद्राकर, स्व अनुज राम, स्व गेंदलाल, स्व महेश, स्व सुखनंदन, स्व राजेश चंद्राकर व पूर्वजों के पुण्य स्मृति में चित्रकूट धाम से पधारे संत राधेश्याम महराज के कर कमलों से मुख्य प्रवेश द्वार का भूमि-पूजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित धनजय चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, हरिश्चंद्र चंद्राकर, श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्रकार, श्रीमती राजेश्वरी दिलीप चंद्राकर, अमित चंद्राकर, रोशन चंद्राकर, अतुल चंद्राकर, डॉ आर्या चंद्राकर, श्रीमती मीरा चंद्राकर, श्रीमती चमेली चंद्रकर, श्रीमती रेखा चंद्राकर समस्त चंद्राकर परिवार व समस्त ग्रामवासी सरपंच श्री मति प्रियंका नरेंद्र निर्मलकर महेतरू कुमार छेदी बलदाऊ पप्पू कन्हैया परस व ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## शीतला मंदिर की स्थापना रियासत काल की: आदित्य श्रीवास्तव


# शीतला माता के उपासना से हर तरह के रोगों से मिली है मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा रियासत की स्थापना सन 1751 में राजा महाबली सिंह ने की थी। उस समय राजमहल वर्तमान जैन मंदिर के पास निर्माण कराया गया था। राज पुरोहितों की सलाह पर राजा महाबली सिंह ने अपनी प्रजा को विभिन्न प्रकार के रोग-दोष से बचाने के लिए नगर के मध्य में शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा कर मंदिर का निर्माण कराया था क्योंकि स्कंद पुराण के अनुसार देवी मां का ये स्वरूप सबसे शीतल माना जाता है। इनकी उपासना से हर तरह के रोग से मुक्ति मिलती है तथा सुंदर काया प्रदान होती है।

इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि मान्यता तो ये भी मानी जाती है कि जो जातक शीतला अष्टमी के दिन मां की आराधाना करता है, न केवल उसके बल्कि माता रानी की कृपा से उसके संपूर्ण कुल के रोग नष्ट हो जाते हैं। सम्पूर्ण भारतवर्ष में शीतला सप्तमी-अष्टमी का व्रत रखा जाता है। चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को शीतला अष्टमी माना जाता है। इनकी पूजा से मनुष्य को जहां एक तरफ आध्यात्मिक रूप से मजबूती मिलती है तो वहीं दूसरी ओर मौसम के चलते शरीर में होने वाले रोग विकार भी मां की पूजा से दूर हो जाती हैं। ठंडक प्रदान करने वाली माता शीतला पर्यावरण को स्वच्छ रखने की प्रेरणा देती हैं। कहा जाता है शीतला माता का ये व्रत संक्रामक रोगों से मुक्ति दिलाता है।

### शीतला मंदिर लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र



कवर्धा की शीतला माता मंदिर उत्तर पूर्वमुखी अर्थात ईशान कोण में है। माता की मूर्ति काले पत्थर से निर्मित अत्यंत सौम्य प्रतिमा है, प्राचीन काल से नगरवासी घर के किसी सदस्य को चेचक खसरा निकलने पर नीम पत्ता जल में डालकर मंदिर में जाता है पुजारी उस जल को माता को अर्पित कर कुछ भाग श्रद्धालुओं को देते हैं जिसे पीड़ित के ऊपर छिड़कने से माता का प्रकोप कम होता है ऐसी मान्यता है। इतिहासकर श्री श्रीवास्तव विजयादशमी के दिन राज परिवार माता शीतला का दर्शन करने पहुंचते हैं, इस दिन राजा द्वारा अस्त्र-शस्त्र की पूजा उपरांत माता शीतला की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। शहर के देवी मंदिरों में क्वांर पक्ष की नवमी तिथि पर जवांरा विसर्जन का रिवाज है, लेकिन माता शीतला मंदिर में ज्वांरा का विसर्जन दशहरा की रात्रि में राजा की उपस्थिति में किया जाता था जो आज तक प्रचलन में है। यह मंदिर लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। जहां लोग परिवार की सुख-शान्ति की कामना करते हैं।

### धनेली में 11 दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

ग्राम धनेली में मां महामाया बोल बम समिति व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया। इस 11 दिवसीय कार्यक्रम के तृतीय दिवस दिवस पर कथा व्यास पं धनंजय दुबे ने बताया कि नवरात्र व्रत की किस साधना से रहना चाहिए कहा की नवरात्र में सभी व्यक्तियों को बड़े ही साधना के साथ रहना चाहिए व नवरात्र में श्रीराम की दुर्गा पूजा की कथा बताया गया अंत में कृष्ण जन्म का कथा झांकी के साथ पंडित के द्वारा बताया गया। श्रीकृष्ण-जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम धनेली सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजन व श्रद्धालु गण उपस्थित होकर कथा रसपान कर अपने जीवन को धन्य व कृतार्थ कर रहें है। वहीं ग्राम धनेली सहित आसपास क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव, रूसे, मोहगांव, कुआंमालगी, कंझेटा क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

## स्वामी अखिलेशानंद ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा को अखण्ड ज्ञान पत्रिका दी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दिव्या ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा तीन दिवसीय हरि कथा का आयोजन जिला कबीरधाम के ग्राम इंदौरी में 1 से 3 अक्टूबर तक किया गया, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु पहुंचे। सर्वश्री आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी अखिलेशानंद द्वारा सत्संग प्रवचन और भजन के माध्यम से मानव जीवन और शाश्वत भक्ति का व्याख्यान किया और कहा मनुष्य का जीवन तभी सफल है, जब जीव ब्रह्म ज्ञान को प्राप्तकर अपने वास्तविक जीवन और मानसिक तनाव को दूर करे, मानसिक तनाव का समाधान ईश्वर का ध्यान है, ईश्वर को जाने बिना मनुष्य का आचरण और स्वभाव नहीं बदल सकता। इसलिए हम ऐसे ब्रह्मा निष्ट सतगुरु की तलाश करें, जो ईश्वरीय ज्योति का दर्शन करा दे, तभी हमें सही दिशा का ज्ञान होगा और दशा बदलेगी।

इसी कार्यक्रम के दौरान स्वामी अखिलेशानंद ने कवर्धा में डिप्टी सीएम विजय शर्मा से भेंट-मुलाकात वार्ता की साथ ही अखंड ज्ञान पत्रिका देकर आध्यात्मिक चर्चा के साथ शुभकामनाएं दी। दिव्य ज्योति परिवार के कार्यकर्ता पार्षद नरेंद्र देवांगन, संतोष साहू, योगेश साहू, रामचरण, शेरसिंह, भागबली राजेश, गिरधारी, संजय और युवा परिवार के सदस्य उपस्थित थें।

## लायंस क्लब नें प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में कराया गया न्योता भोज



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रदेश भर में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है। शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाईड लाइन में सामुदायिक सहभागिता के आधार पर अतिथि भोजन के प्रावधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे न्योता भोजन के नाम से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को लायंस क्लब कवर्धा के सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा शहर के हृदय स्थल में स्थित सबसे प्राचीन स्कूल शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में बच्चों को न्योता भोज कराया गया। जिसमें लायंस क्लब कवर्धा के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों व विद्यालय परिवार के समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लायंस क्लब के पदाधिकारियों में एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, हरीश गांधी, रामेश्वर गुप्ता, रमेश लुनिया, नीरज मनजीत छाबड़ा, बलदाऊ गुप्ता, डॉ नरेश यदु, एमएल बाठिया, धनसुख पटेल, प्रीतम चांवला, डॉ संगीता चौहान, शेरसिंह पाली, ज्ञानचंद जैन, अजय गुप्ता, आनंद दानी, बीपी शर्मा, सुहेल मिर्जा, रमेश लूनिया और जिला शिक्षा विभाग के उप संचालक यूआर चंद्राकर, एमआईएस प्रशासक सतीश यदु, संस्था प्रधान पाठक सीडी भट्ट, शिक्षक संतोष यादव, पुखराज साहू, अशोक विनायक, गायत्री मोहले, रजनी वर्मा, टोमान धुर्वे ने भाग लिया। भोज में बच्चों को दाल-भात, आम का आचार, सब्जी स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ कचौड़ी और मिठाई का भोज कराया गया, सभी बच्चों ने बड़े ही उत्साहित रूप से भोजन किया। वहीं संस्था प्रधान पाठक सीडी भट्ट ने सभी दान-दाताओं का आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री ने स्वीकारा शंकराचार्य की गौध्वज प्रतिष्ठा यात्रा, गौमाता को राज्यमाता घोषित करने का वादा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज 7 अक्टूबर को रायपुर में गौध्वज स्थापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्वामी शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया है कि गौध्वज प्रतिष्ठा को लेकर प्रदेश के गौभक्तों और हिंदू सनातनियों में उत्साह है। वही गौ-माता राष्ट्र माता आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ता प्रदेश के जिला, ब्लॉक और गांवों में जाकर लोगों को आंदोलन से जोड़ रहे हैं और गौ-माता के लिए एक मंच पर लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। ज्योतिर्मठ के सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को गौध्वज प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय हमारी माता है और जल्द ही कैबिनेट बैठक में गौमाता को राज्यमाता घोषित करने पर निर्णय लिया जाएगा। ज्योतिर्मठ के सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में शंकराचार्य का 7 सदस्यी दल सीएम निवास पहुंचा। वहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेटकर गौध्वज प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। सीएम ने शंकराचार्य के शिष्यों से आमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा, गाय हमारी माता है और मैं जल्द से जल्द उसे राज्य माता घोषित करने का पूरा प्रयास करूगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 7 अक्टूबर को दिल्ली में बैठक है लेकिन अपने प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में भेजूंगा एवं गाय हम सबकी माता है और जल्द ही कैबिनेट बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा। मेरे मुख्यमंत्री रहते गौ-माता को राज्यमाता घोषित करना मेरा सौभाग्य होगा। इस अवसर पर मुख्यरूप से ज्योतिर्मठ सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय, ज्योतिर्मठ सीएफओं मदन-मोहन उपाध्याय, शंकराचार्य आश्रम प्रभारी ब्रह्मचारी डॉ इन्दुभवानंद, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, उमंग पांडेय, अनिल पांडेय व हरेकृष्ण शुक्ला व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



### मक्के में न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल, जिला परियोजना अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव, सीएससी संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, प्रधान पाठक श्रीमती एलविना विलसन, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक अशोक पांडेय, शिक्षक कपूरराम चंद्रवंशी, कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, निर्मल पात्रे, ग्राम पटेल कुमार साहू, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष ज्योति साहू एवं बच्चेर उपस्थित में मक्के स्कूल में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं इस दौरान पालक श्रीमती सीमा राजेश ने अपने बच्चे के जन्मदिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 6 अक्टूबर, 2024



खबर संक्षेप



## स्कूल से कम्प्यूटर सेट ले उड़े चोर

**राजनांदगांव।** स्कूल के वेंटिनेटर को तोड़कर चोर भीतर प्रवेश किए और कम्प्यूटर सेट को चोरी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

- वेंटिनेटर को तोड़कर भीतर प्रवेश किए चोर

पुलिस सूत्रों के अनुसार गोटाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धावडेटोला के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के वेंटिनेटर को तोड़कर अज्ञात चोर भीतर प्रवेश किए और अतिरिक्त कक्ष में रखे एक नग कम्प्यूटर सेट को चोरी कर लिए। बताया गया कि स्कूल के छत का मरम्मत कार्य जनवरी 2024 में चालू हुआ तो शाला का सभी सामान को अतिरिक्त कक्ष में रखा गया था। मरम्मत कार्य पूर्ण होने पर जब अतिरिक्त कक्ष से सामान वापस लाए, तब कम्प्यूटर सेट चोरी होने की जानकारी हो पाई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 119853 किसानों को मिले सम्मान निधि के 25.85 करोड़

**राजनांदगांव।** केंद्र सरकार की पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी कर दी गई है। जिले में इस योजना से जुड़े जिले के 119853 किसानों को मिले सम्मान निधि के 25.85 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित किसान सम्मेलन कार्यक्रम से किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त की राशि को सीधे किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में दिखाया गया। किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले में 119853 कृषकों को 25 करोड़ 85 लाख रुपए की राशि से लाभान्वित किया गया।

# नए सदस्य बनाने में नेताओं के छूटे पसीने, एक एंट्री में लग रहे पंद्रह मिनट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

देशभर में सितंबर महीने से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। प्रदेश में इस अभियान के तहत 60 लाख लोगों को जोड़ने का टारगेट रखा गया है। जिले से लेकर नेताओं के कद और पद के अनुसार भी लक्ष्य बांट दिया गया है। टारगेट मिलने के बाद नेताओं ने भी फिल्ड पर पसीना बहाना शुरू कर दिया है, लेकिन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों फार्मेट पर नए सदस्यों की जानकारी लेने में नेताओं के पसीने छूट रहे हैं।

बताया गया कि एक नया सदस्य बनाने और उसका फार्म भरने में नेताओं को 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है। ऐसे में दिनभर में एक नेता द्वारा अधिकतम 12 से 15 सदस्य ही बन पा रहे हैं। हालांकि जिला भाजपा अपना टारगेट पूरा करने को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रहा है।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि भाजपा ने आधुनिकता को अपनाते अब अपना सदस्यता अभियान भी डिजिटल कर दिया है। इस बार सदस्यता अभियान में डिजिटल प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जिसमें मिस कॉल के बाद ओटीपी आने के बाद डिजिटल रूप से पूरी डिटेल भरनी पड़ती है। यह प्रक्रिया पार्टी को सदस्यता के आंकड़ों को सटीक और पारदर्शी बनाने में मदद करेगी। बताया गया कि इस महिने की 15 तारीख तक ही अभियान चलेगा।

## तीनों जिलों में सदस्य बनाने के अलग-अलग टारगेट दिए, गांवों में लग रहे कैंप

### मैसेज से मिलेगी जानकारी

भाजपा इस सदस्यता अभियान से अपनी पार्टी का डाटा भी मजबूत करने जा रही है। यही कारण है कि नए सदस्य की बारिकी से जानकारी ली जा रही है। पार्टी के पास सदस्यता अभियान के बाद पक्का डेटा बैंक तैयार होगा, जो सक्रिय और विचार के प्रति मजबूत वोट बैंक का काम करेगा। इसके अलावा, सदस्यता लेने के बाद केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी सीधे मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी। जिससे लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।




### अपना काम छोड़ बना रहे सदस्य

पार्टी ने सभी नेताओं को अलग-अलग टारगेट दे रखा है। ऐसे में सभी नेताओं को अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए मेहनत करनी पड़ रही है। वहीं सक्रिय सदस्य बनने के लिए भी कम से कम 50 नए सदस्य को जोड़ने का टास्क दिया गया है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता भी सक्रिय सदस्य बनने के लिए कम से कम 50 सदस्य जोड़ने पर जोर दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने ही बताया कि उन्हें टास्क पूरा करने के लिए अपना काम छोड़कर सदस्यता अभियान के तहत काम करना पड़ रहा है।

### 12 को दशहरा का भी पर्व, 11 अक्टूबर को सभी जगह अष्टमी का हवन

# नवमी को लेकर संशय, पाताल भैरवी में 11 व बम्लेश्वरी में 12 को ज्योत विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

देशभर में जारी नवरात्र के त्यौहार में इस बार नवमी तिथि को लेकर संशय की स्थिति निर्मित है। अलग-अलग शहरों व मंदिरों में नवमी अलग-अलग दिन मनाई जा रही है। जिले में भी सभी माता देवालय एवं पंडालों में मूर्ति स्थापित करने वाली समितियां अब संशय में आ गई है।

पंचांग में अलग-अलग दिन नवमी का उल्लेख होने से समितियां नवमी को लेकर निर्णय नहीं ले पा रही है। हालांकि डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में जहां 12 अक्टूबर को ज्योत विसर्जन किया जाएगा। वहीं राजनांदगांव स्थित पाताल भैरवी मंदिर में 11 अक्टूबर को ही अष्टमी व नवमी मनाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि माता दुर्गा को समर्पित नवरात्रि का पर्व साल में चार बार मनाया जाता है। जिनका अपना महत्व और मान्यता है। शारदीय नवरात्रि के 9 दिनों के दौरान व्रत रखने के साथ-साथ मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की आराधना की जाती है। वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष आश्विन माह में आने वाली शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्रि शुरू होती है। जिसका समापन 9 दिन बाद नवमी तिथि के दिन होता है। इस साल 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि का आरंभ हो गया है। जिसका समापन नवमी के दिन कन्या पूजन करने के बाद होगा।

### यहां इस दिन नवमी

जिले में अलग-अलग दिन नमवी मनाई जा रही है। बम्लेश्वरी मंदिर एवं शीतला मंदिर एवं भरकापारा स्थित काली माई मंदिर में 12 को नवमी मनाई जा रही है, जबकि पाताल भैरवी मंदिर एवं खैरागढ़ जिले की नर्मदा मंदिर में 11 को ही नवमी पुजन किया जाएगा। ऐसे ही शहर की पुरानी समितियों में शामिल दुर्गा चौक दुर्गा समिति एवं हमालपारा समिति द्वारा भी 11 को ही नवमी मनाई जा रही है। हालांकि अब भी सैकड़ो समितियां नवमी को लेकर संशय की स्थिती में है।

### सफाई नहीं, पसरी गंदगी

शीतला मंदिर में स्थित तालाब में ही ज्योत विसर्जन किया जाता है। अब नवमी को लेकर गिनती के दिन ही शेष रह गए है, ऐसे में ज्योत विसर्जन की तैयारियां भी शुरु हो गई है। लेकिन जिस तालाब में ज्योत विसर्जन होना है वहां गंदगी फैली हुई है। पूरे कुंड में कचरा ही कचरा हो गया है। ऐसे में सही समय पर सफाई नहीं होती है तो कचरे के बीच ही ज्योत विसर्जन करना होगा।





### दोपहर बाद 11 को हवन-पूजन

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के प्रख्यात छुरिया देवी मां के मंदिर में 11 अक्टूबर को अष्टमी तथा दोपहर बाद नवमी हवन पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा। मंदिर समिति के सचिव गिरधर प्रसाद तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विधिवत हवन पूजन मंदिर में 11 अक्टूबर को किया जाएगा।

### शीतला मंदिर में दस दिन की नवरात्रि

शहर की प्राचीनतम मंदिर मां शीतला मंदिर में इस बार नवरात्र दस दिन की मनाई जा रही है। मंदिर के पुजारी राज महाराज ने बताया कि 11 अक्टूबर को अष्टमी का हवन किया जाएगा। वहीं 12 अक्टूबर को नवमी एवं दशमी मनाई जाएगी। ज्योत विसर्जन का कार्यक्रम भी 12 अक्टूबर को ही किया जाएगा। मां शीतला मंदिर के आधार पर कई समितियां भी 12 को ज्योत विसर्जन कर रही है।

### इस कारण से संशय

पंचांग के अनुसार इस साल शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि 11 अक्टूबर को दोपहर 12.06 बजे से शुरू हो रही है। जिसका समापन 12 अक्टूबर को सुबह 10.57 मिनट पर होगा। वहीं अष्टमी तिथि 10 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 31 मिनट से शुरू हो रही है। जिसका समापन 11 अक्टूबर को दोपहर 12.06 मिनट पर होगा। ऐसे में 11 या 12 अक्टूबर को नवमी तिथि को लेकर संशय है।

### 12 को रावण वध, मनेगा दशहरा

भले ही नवरात्र में नवमी को लेकर संशय की स्थिति हो, लेकिन देशभर में दशहरा 12 अक्टूबर को ही मनाया जाएगा। शहर से लेकर गांव तक दशहरा पर्व का आयोजन 12 अक्टूबर को किया जा रहा है। शीतला मंदिर सहित कई माता देवालय एवं पंडाल समितियों द्वारा 12 अक्टूबर को ही नवमी एवं दशहरा पर्व मनाया जा रहा है।

# नवरात्रि पर पुलिस अलर्ट, बिछड़ों को अपनो से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

क्वांर नवरात्र पर्व पर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में दर्शन करने बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंच रहे हैं। जिनकी सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस अलर्ट है। मेला में अपने परिजनों से बिछड़े बालिका, तीन बालक एवं एक वृद्ध को खोजकर उन्हें उनके परिजनों से मिलाया गया। वहीं गुम पर्स को भी पर्स धारक को लौटाया गया।

### असामाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर

नवरात्र पर्व पर 3 से 12 अक्टूबर तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ में क्वांर नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्रि पर्व के दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण हजारों की संख्या में रोज डोंगरगढ़ दर्शन के लिए आ रहे हैं। इस दौरान कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिक से अधिक पुलिस बल तैनात कर चोर, पाकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### भटककर बिछड़े लोगों को मिलाया

इसी दौरान 3-4 अक्टूबर को नवरात्रि के दिन व देर रात्रि श्रद्धालुओं की भीड़ में अपने परिजनों से दूर होकर बिछड़े, गुम हुए नन्ही बालिका एवं बालक को नवरात्रि मेला प्रबंध में तैनात पुलिस स्टॉफ द्वारा आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में देर रात्रि तत्परता से पतासाजी कर माईक सेट द्वारा लगातार सूचना प्रसार कर लापता बालिका एवं 3 बालक को कुछ ही समय में सकुशल उसके माता व परिजनों को सुपुर्द किया गया। एक वृद्ध महिला भी अपने परिजनों से भटककर बिछड़ गई थी, जिसे पुलिस द्वारा ढूंढकर उसे भी उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### पार्किंग में वाहन खड़ी करने अपील

गुम बच्चों एवं वृद्ध महिला के सकुशल मिलने से दुखी परिजन हुए हर्षित हुए तथा दर्शनार्थियों को बच्चों पर विशेष ध्यान और सावधानीपूर्वक ख्याल रखने हेतु हिदायत भी दी गई। साथ ही एक लावारिस लेडिस पर्स मिलने पर पुलिस टीम द्वारा पर्स में रखे दस्तावेज के आधार पर पर्स स्वामी को ढूंढकर उसमें मौजूद सोने एवं चांदी के ज्वेलरी तथा रुपए को सकुशल पर्स को सौंपा गया। नीचे मंदिर, उपर मंदिर एवं मेला स्थल में पुलिस लगातार तैनात है और लोगों से यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित पार्किंग में अपना वाहन खड़ा करने अपील की है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नवरात्र पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पुलिस सतर्क है। जिसके तहत असामाजिक तत्वों पर जहां नजर रखी जा रही है। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभियान चलाया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने असामाजिक तत्वों एवं यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

### मोटर व्हीकल एक्ट पर कार्रवाई

इसी तरह शहर के भीड़भाड़ वाले मार्ग पर मोटर साइकिल के स्वामी अनावेदक कुमार चतुर्वेदी 40 वर्ष साकिन सूर्या नगर रिंग रोड़ थाना छावनी भिलाई द्वारा अपनी मोटर साइकिल को नाबालिग को चलाने देकर मोटरयान अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करना पाए जाने से अनावेदक को धारा 3/181, 4/181, 5/180 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई किया गया।

### कार्रवाई जारी रहेगी

देर रात्रि मानव मंदिर चौक में नो-पार्किंग पर मोटर कार लगाकर रास्ता जाम कर केक काटने वाले व्यक्ति पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने के संबंध में मोटर व्हीकल अधिनियम की धारा 117 /177, 119/ 177 के तहत कार्रवाई की गई है। आगे भी असामाजिक तत्वों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### दो के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

अभियान के तहत 5 अक्टूबर को थाना को सूचना प्राप्त हुई कि तुलसीपुर रेलवे फाटक के पास जन्मदिन पार्टी मनाने की बात को लेकर कुछ लोग वाद-विवाद झगड़ा हो रहे हैं। सूचना पर तत्काल थाना से पुलिस स्टॉफ पहुंचकर समझाने का प्रयास किया गया। अनावेदक लावेश गुड़ाम 21 वर्ष साकिन रविदास नगर मोतीपुर, आरसील मेश्राम 19 वर्ष साकिन फुलवारीपारा चंदन नगर मोतीपुर द्वारा पुलिस को देखकर काफी उत्तेजित होकर मारने-पीटने पर उतारू हो गए थे। जिससे शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति निर्मित होने पर धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट जारी होने पर जिला जेल दाखिल किया गया।

### निषाद समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज की मासिक बैठक 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद की उपस्थिति में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के समक्ष सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा
Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

### प्रदेश के कई जिलों से लोग यहां पदयात्रा कर पहुंच रहे श्रद्धालु

# मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पदयात्रियों का रेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में मां के दर्शन को जाने वाले पदयात्रियों की संख्या बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष अधिक नजर आ रही है। मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए हजारों पदयात्री 24 घंटे मार्ग पर पैदल चलते नजर आ रहे हैं। मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन को जाने वाले पदयात्रियों की सेवा के लिए राजनादगांव जिले में अंजोरा से डोंगरगढ़ तक नगर निगम सहित कई सेवाभावी संस्थाओं द्वारा सेवा पंडाल लगाया गया है।

डोंगरगढ़ के पहाड़ों पर विराजमान बगलामुखी मां बम्लेश्वरी के दर्शन को जाने के लिए दुर्ग से डोंगरगढ़ तक पदयात्रियों को रेला लगा हुआ है। प्रदेश के कई जिलों से लोग यहां पदयात्रा कर पहुंच रहे हैं। पदयात्रा करने वाले भक्तों की अपार श्रद्धा को देखते सेवाभावी संस्थाओं द्वारा पदयात्री मार्ग पर सेवा पंडाल लगाए गए हैं।शहर के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने नगर निगम द्वारा पदयात्रियों के लिए सेवा पंडाल लगाया गया, जहां उन्हें भोजन, फलाहारी और दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।



### सेवा पंडालों की सराहना

मां बम्लेश्वरी के दर्शन को जाने वाले पदयात्री पडालों की सुविधाओं से काफी प्रभावित हैं। पदयात्रा कर डोंगरगढ़ जा रहे पदयात्रियों ने कहा कि यहां जो पंडाल लगा है, उसमें उनके लिए काफी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। अभनपुर के पदयात्री उमेश कुमार ने कहा कि अभनपुर से 40 लोगों का जत्था मां बम्लेश्वरी मंदिर पदयात्रा कर जा रहा है। वहीं रायपुर से पदयात्रा कर डोंगरगढ़ जा रहे प्रेम पटेल ने बताया कि वह बीते लगभग 15 वर्षों से पदयात्रा कर डोंगरगढ़ जाते हैं।

### मां के दर्शन होते ही मिट जाती है थकान

सैकड़ों किलोमीटर मां बम्लेश्वरी मंदिर जाने के लिए पदयात्रा करने वालों में महिलाओं की भी खासी संख्या दिखाई दे रही है। अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पदयात्रा कर लाखों भक्त मां के दर्शन करते हैं। पदयात्रा कर डोंगरगढ़ पहुंचने वालों की थकान मां के दर्शन होते ही उतर जाती है।

### भोजन और दवाईयों की सुविधा

भिलाई से पदयात्रा कर डोंगरगढ़ जा रही नेहा, रेखा और तनु का कहना है कि रास्ते में सेवा पंडालों से काफी कुछ मिल जाता है। पैदल चलने से दर्द होता है तो दवाईयां भी मिल जाती है।

### प्रशासनिक स्तर पर सुविधा

पदयात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए प्रशासनिक और पंचायत स्तर पर कई ग्रामों में पदयात्रियों के ठहरने की सुविधा है। वहीं पदयात्री मार्ग पर लगभग 50 किलोमीटर तक विद्युत व्यवस्था की गई है। पदयात्रियों की सुविधाओं के लिए दवाईयां, मालिश, भोजन, मोबाइल चार्जिंग के साथ ही आपातकालीन स्थिति के लिए एम्बुलेस की व्यवस्था भी की गई है।

### अनेदखी: बगैर तराई व निरीक्षण के पेटी ठेकेदार तैयार कर रहा लाखों की पानी टंकी

# नल जल योजना की पानी टंकी निर्माण में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

लोगों की दर्जनों शिकवा शिकायत तथा जिला प्रशासन के नवपदस्थ कलेक्टर की सख्त हिदायतों के बाद भी प्रदेश के उप मुख्यमंत्री की विधानसभा में पीएचई विभाग के अधिकारी और उसके ठेकेदार अपनी मनमानी तथा शासन द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार तथा अनियमितता करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसका एक नमूना जिले के विधानसभा कवर्धा अंतर्गत विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत मिनमिनिया जंगल में देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार यहां शासन द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की घर पहुंच सेवा मुहैया कराने की मंशा से नल जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण के लिए लाखों रूपए की राशि स्वीकृति प्रदान की है और इसका जिम्मा इन दिनो अपनी कारगुजारियों से सुर्खियां बटोरने वाले पीएचई विभाग को सौंपा है। पीएचई विभाग ने इस निर्माण कार्य का जिम्मा किसी ठेकेदार को दिया है और मजेदार बात ये है कि पीएचई विभाग के इस ठेकेदार ने निर्माण का ठेका किसी दूसरे ठेकेदार को दे रखा है। लेकिन ठेके पर ठेका के जरिए कराए जा रहे इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता व नियम कायदों का कोई माई बाप नहीं नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक पानी टंकी का निर्माण कार्य विगत एक माह से चल रहा है और अब निर्माण कार्य बेस लेबल से लेकर टंकी के कालम के टॉप लेबल तक पहुंच चूका है। लेकिन ग्रामीणों की माने तो इस एक माह के निर्माण कार्य के दौरान एक भी दिन ठेकेदार द्वारा पानी तराई नहीं कराई गई है। जिससे निर्माण कार्य के कमजोर होने की पूरी आशंका जताई जा रही है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पानी टंकी का निर्माण कार्य टॉप लेबल तक पहुंच चुका परंतु इस दौरान कोई भी विभागीय अधिकारी ये देखने नहीं आया है कि विभाग ने जिस ठेकेदार को ठेका दिया है वो कार्य कर भी रहा है कि नहीं, अथवा निर्माण कार्य का स्तर क्या है और वह कहां तक पहुंचा है, उसकी गुणवत्ता कैसी है। हद तो ये है कि कार्य स्थल पर सूचना पटल तक नहीं लगाया गया है और आधे से ज्यादा कार्य को मूर्त रूप दिया जा चुका है। ऐसा लगता है कि इन तमाम बातों से विभाग के अधिकारियों को कोई सरोकार ही नहीं है। स्थिति ये है कि शासन ने विभाग को राशि स्वीकृत कर दी है और विभाग के अधिकारी अपने चहेता ठेकेदार की मौखिक रिपोर्ट पर घर बैठे मुल्यांकन फाईल तैयार कर उसे राशि स्वीकृत कर बस अपनी चढ़ौत्री सकेल रहे हैं।



#### औहदेदारों की नाक के नीचे योजनाओं में भ्रष्टाचार

यहां बताना लाजिमी होगा की शासन की जिस जनकल्याणकारी योजना के तहत जहां इस स्तरहीन पानी टंकी का निर्माण पीएचई विभाग द्वारा कराया जा रहा है वह बोड़ला ब्लाक मुख्यालय से महज 6 किलो मीटर दूर और जिला मुख्यालय कवर्धा से महज करीब 28 किलो मीटर दूर। लेकिन इस निर्माण कार्य की सुध लेने की जहमत न तो विभाग के अधिकारी उठा रहे हैं और न ही क्षेत्र के औहदेदार जनप्रतिनिधि इस और कोई ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में लोगों द्वारा बड़ा सवाल खड़ा किया जा रहा है कि आखिर क्षेत्र के औहदेदार जनप्रतिनिधि जिस तरह छट्टी, दशगात्र, शादी विवाह जैसे समारोह के लिए समय निकालते हैं वैसे ही वे स्वयं की सरकार द्वारा स्वीकृत निर्माण व विकास कार्यो की गुणवत्ता को जांचने के लिए समय क्यों नहीं निकालते। कहीं ऐसा तो नहीं कि विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र के औहदेदार जनप्रतिनिधियों को भी अपने बस में कर लिया है। यहीं हाल जिले के आला प्रशासनिक अधिकारियों का भी है। ये भी वहां जांच करने कभी नहीं जाते जहां से निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर शिकवा शिकायतें सामने आती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए पीएचई विभाग के बोड़ला एसडीओ से संपर्क किया गया लेकिन वे उपलब्ध नहीं हो पाए वहीं विभाग के इंजिनियर टोमन कुंजाम के द्वारा ठेकेदार को गुणवत्तायुक्त कार्य करने तथा नियमित तराई करने के लिए निर्देश दिए जाने की बात कही है।



## सरदार वल्लभ भाई पटेल काम्पलेक्स में 29 दुकानों की हुई नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर में निर्मित भू-तल-प्रथमतल की 37 दुकानों की नीलामी प्रक्रिया बीते शुक्रवार को सुबह 11 बजे प्रारंभ हुई जो देर शाम तक पूरी हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर में निर्मित दुकानों की नीलामी सुबह 11 बजे से नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, नपा उपाध्यक्ष जमील खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, सभापतिगण रिंकेश वैष्णव, उमंग पाण्डेय, चुनुवा खान, प्रमोद शर्मा, पवन जायसवाल, सुनील साहू, प्रमोद लुनिया, पार्षद प्रतिनिधि संतोष नामदेव, कपिल जायसवाल, हिरेश चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित पदाधिकारियों की उपस्थित में शुरू की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल व्यवसायिक परिसर की दुकानें वर्षो से निर्मित है तथा खण्डहर में तब्दील हो रही थी। पूर्ववर्ती सरकार ने नीलामी को लेकर कोई रूचि नही दिखाई। जिसके कारण नगर पालिका को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ रहा था। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार दुकानो की आम नीलामी सूचना जारी की गई है जिसके आधार पर निर्धारित तिथि व समयावधि में अमानत राशि जमा कराया जाकर गत 04 अक्टूबर को नीलामी कार्यवाही पूर्ण की गई है।

#### नपा कवर्धा को मिलेगा करीब ढाई करोड का राजस्व

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि दुकानों की नीलामी कार्यवाही पूर्ण किया जा चुका है जल्द ही अब दरों का अनुमोदन कर स्वीकृति प्रदान की जायेगी। उन्होनें बताया कि आरक्षण अनुसार भू-तल में 12 दुकान व प्रथम तल में 25 दुकानों की नीलामी कार्यवाही किए जाने के लिए सूचना जारी की गई थी जिसमें से कुल 29 दुकानों की नीलामी कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। जिससे नगर पालिका परिषद कवर्धा को लगभग 2 करोड़ 53 लाख रूपए के राजस्व की प्राप्ती होगी। अब जल्दी ही उच्चतम दर की स्वीकृति प्रदान करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

### खबर संक्षेप



#### बैरख स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**बोड़ला।** वनांचल के संकुल पालक के प्राथमिक विद्यालय नेवराटोला में आज नवरात्रि के पावन अवसर पर प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल बैरख द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में खीर, पुड़ी, भजिया, लड्डू, केला, पापड़ और भोजन कराया गया। विद्यार्थी न्योता भोज से आनंदित नगर आए। न्योता भोज में सरपंच ग्राम पंचायत बैरख श्याम मसराम, प्राचार्य सोहन कुमार यादव, संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा, प्रधान पाठक परस राम खुशाम, शिक्षिका सरिता मेरावी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों के द्वारा मां दुर्गा की अर्चना कर सभी के मंगल कल्याण की कामनाएं की गई।

#### लायंस क्लब ने मनाया सेवा सप्ताह कार्यक्रम

**कवर्धा।** गांधी सेवा सप्ताह के चौथे दिन 5 अक्टूबर को लायंस क्लब ने ग्राम मंझगांव स्थित वृद्धाश्रम में 20 वृद्धजनों को मिठाई खिलाकर सेव केला बिस्किट का वितरण किया। साथ ही वृद्धाश्रम के अहाते में वृक्षारोपण के लिए केयरटेकर को 25 फलदार पौधे दिए। ज्ञात हो कि लायंस इंटरनेशनल के निर्देश पर भारत के सभी क्लब्स 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक गांधी सेवा सप्ताह मनाते हैं। इस हफ्ते हर दिन सेवा के कार्य किए जाते हैं। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरपंच दम्पत्ति से मारपीट करने वाले चार गिरफ्तार

### ग्राम पंचायत खैरडोंगरी की सरपंच से की गई थी मारपीट

- पीड़िता की शिकायत पर पंडरिया पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान






शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए पंडरिया पुलिस ने विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम पंचायत खैरडोंगरी की महिला सरपंच के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत गत 21 सितम्बर को ग्राम पंचायत खैरडोगरी में बिजली तार को लगाने के लिए विद्युत विभाग के कुछ कर्मचारी पहुंचें थे। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बिजली कर्मचारियों से तार लगाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया और उन्हें अपना कार्य करने से रोक दिया गया।

जिस पर कर्मचारियों के द्वारा फोन कर स्थानीय महिला सरपंच को बुलाया गया। बिजली कर्मचारियों की सूचना पर महिला सरपंच श्रीमती गीतांजलि सिंह ने आकर जब विवाद करने वाले ग्रामो को समझाइश देनी चाही तो वहां पहले से मौजूद आरोपी केशव सिंह ठाकुर पिता रघुराज सिंह ठाकुर एवं उनके 3 भतीजे दीपेंद्र ठाकुर उर्फ राजा पिता शंकर सिंह ठाकुर, लक्ष्य पिता जनार्दन सिंह ठाकुर तथा देव पिता जनार्दन सिंह उत्तेजित होकर गाली गलौच करते हुए महिला सरपंच से ही मार पीट करने लगे। वही बीच बचाव में आए सरपंच पति रोहित सिंह के साथ भी आरोपियो के द्वारा बुरी तरीके से मारपीट की गई जिसमें सरपंच पति को गंभीर चोटें आई है। पीड़ित पक्ष के द्वारा उसी दिन थाना पंडरिया में एफआईआर दर्ज कराया गया था। सरपंच पति से मिली जानकारी के अनुसार घटना के 11 वे दिन चारों आरोपियों को थाना पंडरिया द्वारा गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### स्कूल परिसर में बच्चों ने लगाए पौधे, लिया सुरक्षा का संकल्प



**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक पिपरिया संकुल पिपरिया में पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपण किया। शिक्षक बिहारी दास वैष्णव ने बताया कि शाला प्रांगण में पांच पौधे लगाए गए तथा पौधे की सुरक्षा के लिए बांस की जाली द्वारा सुरक्षा घेरा बनाया गया। बरगद पेड़ में एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ माता भवानी शक्ति के नाम, एक पेड़ शाला के सभी बच्चों के नाम, एक पेड़ शिक्षक-शिक्षिकाओं के नाम, एक पेड़ शाला प्रबंधन समिति के नाम से पौध रोपण किया गया। शाला प्रांगण में लगे वृक्षों को स्थानीय विद्यार्थियों साधना साहू, ललिता साहू, सोनम ललित साहू, मनीष, भावेश सुरज टण्डन, प्रदीप कुमार, सुदर्शन, नीरू साहू, खिलावन द्वारा सुबह-शाम पानी डालने, देखरेख करने व सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर वृक्ष व पेड़-पौधे लगाओ, शुद्ध हवा पाओ, अपना जीवन बचाओ नारा के साथ प्रधान पाठिका श्रीमती संयोगिता सोनी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष समय लाल तंबोली, शिक्षिका श्रीमती रामकली गुप्ता, श्रीमती अर्चना शर्मा, शिक्षक बिहारी दास वैष्णव, शिक्षिका श्रीमती मनोरमा तथा बच्चों के साथ मिलकर हर्षोल्लास वृक्षारोपण कार्य किया गया।

## राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ की अनिशिचतकालीन हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



अपनी आधा दर्जन मांगों को लेकर गत 3 अक्टूबर से शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के बैनर तले अनिश्चितिकालीन हड़ताल पर बैठे शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालकों ने मांगे पूरी होने के बाद 5 अक्टूबर को अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है।

संघ की इस हड़ताल समाप्त होने से राशनकार्डधारी उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय है कि एन तीज त्यौहार के इस सीजन में शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ ने अपनी 6 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी। जिससे जिलेभर की शासकीय उचित मूल्य की दुकानो में ताले लटक गए थे और राशन कार्डधारियों को राशन मिलना बंद हो गया था जिससे इन जरूरतमंद उपभोकताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस बात को ध्यान में रखते हुए शासन-प्रशासन ने पहल करते हुए संघ की सभी मांगे मान ली है जिसके बाद संघ ने 5 अक्टूबर को अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस ले ली है। शासन-प्रशासन द्वारा संघ की मांगों को पूरा किए जाने पर संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई देकर तथा मुंह मीठा करा कर खुशी का ईजहार किया।

## 21 सौ दीपों से जगमगाएगा मां पताल भैरवी प्रांगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा में नवरात्रि की धूम देखने को मिल रही है। मंदिरों में भक्तो का तांता लग रहा है। जगह-जगह ऊंचे पंडाल के साथ-साथ माता रानी की मनमोहक मूर्तियां विभिन्न समितियों द्वारा स्थापित की गई है।

नवरात्र पर्व के अवसर पर राजमहल कॉलोनी स्थित डडसेना भवन आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के सामने नवरात्र के पंचमी पर 7 अक्टूबर को 21 सौ दीप जलाकर मातारानी की महाआरती की जायेगी। इन दीप के माध्यम से पेड़ संरक्षण, भविष्य संरक्षण थीम पर पंडाल प्रांगण में विशाल छवि उकेर कर दीप जलाकर जागरूक किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजित मां पताल भैरवी रूपी कवर्धा नगर की बड़ी मां काली के पंचमी महाआरती कार्यक्रम में हरितिमा टीम व कवर्धा जंक्शन परिवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समिति के सदस्यों ने नगर वासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने आव्हान किया है। कार्यक्रम का समय शाम 6.30 बजे से प्रारंभ होगा। 7 बजे महाआरती प्रारंभ होगी। महाआरती पश्चात मां पताल भैरवी प्रांगण में स्थानीय लोगों के प्रत्येक सदस्य के नाम पर दीपदान कर दीप प्रज्वलित करने समिति ने अपील की है। गौरतलब है कि इस वर्ष नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा जिले की सबसे ऊंची साढ़े 14 फीट ऊंची मां पताल भैरवी की मूर्ति स्थापित की गई। जिसे देखने लोग बड़ी संख्या में पाण्डाल तक पहुंच रहे हैं।



### दीपावली के लिए लक्ष्मी प्रतिमाएं व दीए बनाने का कार्य जोरों पर

## भगवान गणेश व दुर्गा प्रतिमा निर्माण के बाद मूर्तिकार व कुम्हार फिर व्यस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नवरात्र पर्व के लिए मिट्टी को देवी प्रतिमाओं का रूप देने के बाद मूर्तिकार व कुम्हार एक बार फिर व्यस्त हो गए है। अब वे 29 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा के मद्देनजर दीपावली में उपयोगी मां लक्ष्मी, भगवान गणेश की प्रतिमाओं के साथ दीपावली को रोशन करने वाले मिट्टी के दिए बना रहे है।

पर्व की नजदीकियों को देखते हुए इस कार्य में उनका पूरा परिवार जुटा हुआ है। गौरतलब है कि मिट्टी की बदौलत अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले अंचल के मूर्तिकार व कुम्हार इन दिनों खासे व्यस्त है। तीज, त्यौहारों के इस दौर में पहले गणेश प्रतिमाएं फिर भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमाएं और हाल ही में मिट्टी को देवी प्रतिमाओं का रूप देने वाले इन मूर्तिकारों व कुम्हारों के हांथों से मिट्टी छूट भी नहीं पाई थी कि अब वे दीपावली की तैयारियों में भिड़ गए है। इन दिनों जहां मूर्तिकार दीपावली में पूजी जाने वाली मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं को मूर्त रूप देने में लगे हुए वहीं कुम्हार मिट्टी के दिए बनाने में दिन रात एक कर रहे है। कुम्हारों ने बताया कि दीपावली पर्व पर मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित करने की परम्परा है। इसके अलावा घरों में भी दीपावली के रोज मां लक्ष्मी, भगवान गणेश तथा मां सरस्वती की संयुक्त प्रतिमाएं की पूजा की जाती है। जिसके चलते मिट्टी की इन प्रतिमाओं की बाजार में अच्छी मांग होती है। इस मांग को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा आर्डर पर जहां बड़े आकार की वहीं घरों व दुकानों में पूजा के लिए छोटे आकार की प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं। वहीं कुम्हारों ने बताया कि दीपावली में मिट्टी के दिए मांग सार्वधिक होती है। जिसे ध्यान में रखते हुए दिआ निर्माण कार्य पर्व के काफी पूर्व प्रारंभ कर दिया जाता है।

क्योंकि मिट्टी मंगाना, इसे भीगाना, मताना, सानना तथा चाक पर चढ़ाकर दीया बनाना काफी थका देने वाली प्रक्रिया है। इस कार्य के लिए परिवार के सभी लोगों को भिडऩा पड़ता है। पखवाड़े भर पहले से दीपक बनाने का कार्य शुरू करना पड़ता है। इनके सूख जाने पर इसे भट्ठा लगाकर पकाना पड़ता है। तब कहीं जाकर दीपक तैयार होता है। उन्होंने बताया कि इतनी मसक्कत के बाद भी उन्हें बाजार से मेहनत का वाजिब दाम नहीं मिल पाता है। बीते वर्ष 70-80 रूपए सैकड़ा के हिसाब से दीया बेंचा गया था इस बार कुछ दाम बढ़ेंगे।

## महराजपुर में पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶स. लोहारा



जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू के निर्देशन एवं प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल तथा मीरा देवांगन के मार्गदर्शन में बोड़ला ब्लाक अंतर्गत स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला महराजपुर में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष नेतराम पटेल, रामू जायसवाल की उपस्थिति में संयुक्त रुप से पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पालकों के अतिरिक्त शाला प्रबंध समिति के सदस्यों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था। पालक शिक्षक बैठक में लगभग 70 विद्यार्थियों के पालक उपस्थित रहे। संस्था के प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल ने बैठक में उपस्थित पालकों के समक्ष त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम एवं मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का समीक्षा किया एवं कमजोर बच्चों के पालकों को उनके पढ़ाई में विशेष ध्यान देने हेतु प्रेरित किया। बैठक में शिक्षा के अधिकार अधिनियम की जानकारी विद्यालय में अनुशासन, बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति, अनियमित विद्यालय आने वाले बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने,साफ सफाई एवं स्वच्छता नशीले पदार्थो का सेवन ना करना, शाला सुरक्षा, पालक संपर्क अभियान, छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण पत्र, विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी बच्चों को दिए जाने वाले गृह कार्य आदि के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक मीरा देवांगन ने भी पालकों को हमेशा जागरूक रहने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिया,विद्यार्थियों को साफ सुथरे यूनिफॉर्म में नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के पढ़ाई पर पालकों को नजर रखने के लिए जागरूक किया गया। इस बैठक में पालको के अतिरिक्त संस्था के शिक्षक नम्रता श्रीवास्तव, नीलिमा सिरदार, मंजू शर्मा, रमा साहू, शालू चंद्रवंशी एवं अनिल चंद्रवंशी उपस्थित थे।